हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 12.4 डिग्री

14 रायपुर के हिंदू सम्मेलन में 30 हजार से ज्यादा जुटेंगे



16 बांग्लादेशी प्रधानमंत्री का फूंका पुतला



# परीक्षा देते ही गलत प्रश्नों की गवाही देने विवि भेजने निर्देश! छात्रों ने पूछा-पढ़ें या सबूत जुटाएं?

## 12 दिसंबर को बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में कंप्यूटर साइंस की जगह थे एआई के सवाल

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि जो ना कर बैठे, वो कम है। विवि ने महाविद्यालयों को खत प्रेषित कर कहा है कि वे छात्रों को परीक्षा होने के बाद विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग भेजें। यहां उनसे गलत प्रश्नों को लेकर सवाल-जवाब किए जाएंगे। दरअसल, मामला बीएससी प्रथम सेमेस्टर का है। बीएससी प्रथम सेमेस्टर के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस की परीक्षा 12 दिसंबर को आयोजित की गई थी। प्रश्नपत्र में शीर्षक को कंप्यूटर साइंस का ही था, लेकिन इसके भीतर जो सवाल थे वो एआई के थे। पर्चा देखते ही छात्रों ने अपने प्राध्यापकों को बताया। महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा विवि को इसकी सूचना की गई। एक घंटे छात्रों को केंद्र में बैठाए रखने के बाद पर्चा रद्द करते हुए उन्हें घर भेजने निर्देशित किया गया। रद्द विषय की परीक्षा 24 दिसंबर अर्थात आज आयोजित की जा रही है। सुबह की पाली में परीक्षा होने के बाद प्रत्येक महाविद्यालय से प्रतिनिधि छात्रों के एक दल को विवि भेजना होगा। सूत्रों के अनुसार, विवि में संभवतः यह पहली बार है, जब छात्रों को परीक्षा दिलाते ही सवाल-जवाब के लिए उपस्थित होना पड़ेगा।

### सभी केंद्र से मिली थी शिकायत

विवि ने संबद्ध महाविद्यालयों को लिखे गए खत में कहा है, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के कंप्यूटर साइंस प्रश्नपत्र में त्रुटि संबंधी विषयांतर्गत प्रकरण के परीक्षण के लिए समिति गठित की गई है। समिति की बैठक 24 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गोपनीय विभाग के बैठक कक्ष में होगी। इसमें शिकायतकर्ता परीक्षार्थियों के एक प्रतिनिधि को उपस्थित होने के लिए निर्देशित करें अथवा उनसे प्रतिवेदन प्राप्त कर कृपया गोपनीय विभाग को प्रेषित करें। इस आदेश के बाद महाविद्यालयों ने छात्रों से संपर्क किया। विद्यार्थियों का कहना है कि वे अगली परीक्षा की तैयारियों में व्यस्त हैं। परीक्षा की तैयारी करना छोड़कर सबूत जुटा पाना कठिन है। गौरतलब है कि गलत प्रश्नों की शिकायत किसी छात्र विशेष द्वारा ना कर संपूर्ण परीक्षा केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा की गई थी।

- आज होंगे रद्द किए गए कंप्यूटर साइंस के पर्चे
- जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं, उल्टे विद्यार्थी ही लपेटे में



### कम हुआ तैयारी का समय

12 दिसंबर को रद्द हुई परीक्षा 24 दिसंबर को ली जा रही है। जबकि सामान्यतः रद्द किए गए पर्चे पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार अंतिम पर्चे के बाद ही होते हैं। दो परीक्षाओं के मध्य रद्द किए गए प्रश्नपत्र को रि-शेड्यूल करने से छात्रों को तैयारी का उतना समय नहीं मिल पा रहा है, जितना उन्हें पूर्व में मिल रहा था। इसे लेकर भी छात्रों में आक्रोश है। उनका कहना है कि गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों पर कार्रवाई करने के स्थान पर उन्हें परेशान किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### गांजा बेचते बिहार-यूपी के दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनसे गांजा बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली कि भावना नगर चिल्फी हाईट्स के आगे स्थित खाली प्लाट में 2 संदिग्ध युवक अपने पास गांजा रखे हुए हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 7 किलो 500 ग्राम गांजा कीमत लगभग 3 लाख 75 हजार रुपए के साथ तौल मशीन एवं दो मोबाइल जब्त किए। पूछताछ पर आरोपियों की पहचान साहिल कुमार गुप्ता 24 वर्ष निवासी ग्राम गागी चौक थाना आरा नगर जिला भोजपुर बिहार तथा विमल कुमार कुशवाहा 21 वर्ष निवासी दुर्गापुरी रगौर थाना मौदहा जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश के रूप में की गई। दोनों वर्तमान में सेलटैक्स कालोनी भावना नगर में किराए के मकान में रहते हैं।

### सूने मकान से कैश-जेवर समेत पौने दो लाख की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में पौने दो लाख की चोरी हो गई। प्रार्थी जयप्रकाश पाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21-22 दिसंबर की दरमियानी रात रायपुरा स्थित उसके सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर प्रवेश किए और आलमारी में रखे नकदी एवं सोने-चांदी के जेवरात जुमला एक लाख 75 हजार रुपए चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** घर में घुसकर महिला से मारपीट करने के मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्रार्थी अंकित सहाय निवासी वल्लभ नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके घर के पास आरोपी गौतम तांडी एवं अन्य युवक पेशाब कर रहे थे, जिसे उसकी मां ने मना किया तो इस बात पर दोनों ने उसके घर में घुसकर उसकी मां के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 333, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# सरकारी अस्पतालों में ही 'आयुष्मान भवः' प्राइवेट में इलाज आसान नहीं, 47 शिकायतें

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना की सुविधा सरकारी अस्पतालों में सिमटी हुई है। इसके उपचार के लिए पंजीकृत निजी हास्पिटल या तो इलाज से इनकार कर रहे हैं अथवा बहाना बनाकर मरीजों से अतिरिक्त वसूली कर रहे हैं। सालभर में ऐसी 47 शिकायतें स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचीं। इनमें आधी से ज्यादा जांच अथवा झूठी शिकायत के नाम पर दबा दी गई है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य एवं शहीद वीरानारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत बीपीएल को 5 लाख, एपीएल को 50 हजार तथा 70 साल से अधिक आयु वालों को व्यक्तिगत रूप से 5 लाख रुपए तक के निशुल्क उपचार की सुविधा दी जाती है। योजना का लाभ सभी शासकीय अस्पतालों में दिए जाने का दावा है, जो सच्चाई से विपरीत है। शासकीय अस्पतालों में इसके माध्यम से मरीजों को इलाज की सुविधा दी जाती है, मगर वहां पूरे संसाधनों की कमी है। इसकी वजह से मरीजों को इलाज से संबंधित पूरा लाभ नहीं मिल पाता। इसके विपरीत योजना में पंजीकृत अस्पताल आधुनिक संसाधनों से भरपूर हैं, मगर वहां आयुष्मान का जोर नहीं है। ज्यादातर हास्पिटल कार्ड नहीं चलने का बहाना बनाकर मरीजों के इलाज के नाम ▶▶शेष पेज 15 पर

- ज्यादातर अस्पतालों का बहाना, मरीजों से वसूली जा रही अतिरिक्त राशि
- सालभर में 47 शिकायतें, आधी जांच के नाम पर जिलों में दबा दी गई


कम डाक्टर वाले छोटे प्राइवेट अस्पतालों से लाखों का क्लेम, इनपुट के आधार पर जांच टीम सक्रिय

### शिकायतों पर जांच कार्रवाई भी

आने वाली शिकायतों पर जांच के बाद कार्रवाई भी की जाती है। इस तरह की अनियमिता पर कई अस्पतालों को निलंबित किया गया है। योजना को लेकर किसी तरह की परेशानी होने पर इसकी शिकायत की जा सकती है।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

### कम पैकेज का बढ़ा बहाना

निजी हास्पिटल वैसे तो स्वास्थ्य सहायता योजना में बीमारियों के इलाज के लिए निर्धारित पैकेज वर्तमान स्थिति के मुताबिक सात साल पुराना होने का तर्क देते हैं। अस्पताल से जुड़े लोगों का कहना है कि पैकेज पुराना होने की वजह से कई अस्पताल इसमें गड़बड़ी करते हैं। इसकी रोकथाम के लिए पैकेज में संशोधन की आवश्यकता है। हालांकि इसका दूसरा पहलू यह भी है कि योजना में डेढ़ हजार से ज्यादा छोटे-बड़े हास्पिटल पंजीकृत हैं। इतना ही नहीं, स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों का इलाज करने के लिए विभाग के पास सौ से ज्यादा हास्पिटलों का आवेदन भी लंबित है।

### कहीं सूची उपलब्ध नहीं

योजना के तहत पंजीकृत अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को शुरुआत में निर्धारित पैकेज के बारे में जानकारी देने का नियम है। इसके लिए अस्पतालों के हेल्प डेस्क में आयुष्मान योजना के उपचार के पैकेज सूची उपलब्ध कराने का नियम है। किसी भी प्राइवेट अस्पताल में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। इसके अलावा अस्पतालों में चिकित्सकीय स्टाफ के संबंध में जारी होने वाले मापदंड में भी अस्पताल कटौती कर अपना काम चला रहे हैं।

# ड्रग सप्लायर समेत पांच गिरफ्तार इनमें एक किशोरी भी शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी पुलिस ने आठ लाख रुपए की कोकीन जब्त करने के बाद अब साढ़े तीन लाख रुपए की 10 ग्राम घातक तथा प्रतिबंधित एमडीएमए ड्रग्स जब्त करते हुए एक किशोरी समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई पिछले दिनों सोशल मीडिया में वायरल वीडियो के आधार पर की है। पुलिस के अनुसार, आरोपी उक्त मादक पदार्थ नए साल में खपाने के साथ सेवन करने के लिए तस्करी ▶▶शेष पेज 15 पर

- सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने ढूंढ निकाला

### *नशा करते दबोचे गए*

*एमडीएमए के साथ पुलिस ने आरोपियों को राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र के वरण अपार्टमेंट के एक फ्लैट में नशा करते हुए गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान पुलिस को सभी के पास से एमडीएमए ड्रग बरामद हुई। पूछताछ में पराग तथा उसके साथियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें मादक पदार्थ नागपुर निवासी शुभम राजू धावड़े रायपुर लाकर देता था। स्थानीय स्तर पर पराग मुख्य सप्लायर है।*

### *चेन में कई और शामिल*

*जांच में सामने आया कि आरोपी न्यू ईयर के मद्देनजर बड़े होटलों और इवेंट पार्टियों में ड्रग सप्लाई करने की योजना बना रहे थे। इसके लिए वे शुभम, आर्यन के फ्लैट में एकत्रित हुए थे। अमन शर्मा भी इस सप्लाई चेन का हिस्सा बताया गया है। पुलिस के अनुसार, इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।*

# आंगनबाड़ी के लिए छपाई गईं किताबें दफ्तर के बाद अब गोदाम में डंप

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा गर्भवती महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए गतिविधियों की पुस्तकों की छपाई के लिए वर्क ऑर्डर जारी करने से लेकर वितरण में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। हरिभूमि ने इस मामले में पखवाड़ा भर पहले महिला एवं बाल विकास विभाग के रायपुर कार्यालय में पुस्तकों को डंप किए जाने तथा दूसरे जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में नहीं भेजे जाने की खबर प्राथमिकता से प्रकाशित की थी। इस खबर के बाद विभाग में हड़कंप भी मचा था, लेकिन इसके बाद भी इन पुस्तकों को दूसरे जिलों में भेजने की कार्यवाही करना छोड़ अफसरों ने पुस्तकों को कार्यालय से हटवाकर शंकरनगर स्थित गोदाम में डंप करा दिया है।



साल खत्म होने को, आंगनबाड़ी केंद्रों में अब तक बंट नहीं पाई बच्चों की गतिविधियों की किताबें

### छपाई के बाद धूल खा रही पुस्तकें

इन गतिविधियों की पुस्तकों की छपाई जरूर विलंब से हुई है, लेकिन इसके बाद भी इन पुस्तकों को दूसरे जिलों में अब तक भेजा नहीं गया है, जबकि इन पुस्तकों की छपाई में लाखों-करोड़ों रुपए खर्च किए गए हैं। यही नहीं, आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं को अब तक ये पुस्तकें मिल नहीं पाई हैं, जिसके कारण बच्चों और गर्भवती महिलाओं का सर्वांगीण विकास भी नहीं हो पा रहा है।

### आधा वर्ष बीतने के बाद छपी पुस्तकें, उसके बाद भी वितरण नहीं

हमर स्वस्थ लइका, गतिविधि पुस्तिका, आधार शिला सहित विभिन्न गतिविधियों पर आधारित पुस्तकों की छपाई प्रदेश के सभी जिलों के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरण करने के लिए छपाई गई हैं। इन पुस्तकों को छपाने के लिए जुलाई में वर्क आर्डर जारी किया गया था, वहीं छपाई अक्टूबर में हुई है। इसके बाद भी इन पुस्तकों को दूसरे जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजा नहीं गया है। इधर इस मामले में विभाग के एक अफसर ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर स्वीकार भी किया है कि वर्क ऑर्डर और छपाई विलंब से हुई है। इसके कारण इन पुस्तकों को बांटने के काम में भी विलंब हुआ है।




# शहर में 12 डिग्री के टेंप्रेचर में अच्छी ठंड अंबिकापुर के कई हिस्सों में जम रही ओस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रात में बारह डिग्री सेल्सियस का टेंप्रेचर होने के बाद भी शहर में रात को अच्छी ठंड पड़ रही है। माना सहित आउटरों में तो लोगों की कंपकपी छूट रही है और अंबिकापुर जैसे इलाके में तो ओस की बूंदें जम रही हैं। अगले तीन दिन राज्य के कई हिस्सों में शीतलहर जैसे हालात बनने की संभावना है। रात में पड़ने वाली ठंड का प्रभाव दिन में भी महसूस हो रहा है और लोग गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हैं। दिसंबर के बीते 23 दिनों में मुश्किल से चार-पांच दिन ऐसा बीता है, जब रायपुर समेत प्रदेश में ठंड नहीं थी। इसके बाद रात बड़ी होने की वजह से जमीन को ठंडा होने का वक्त मिला और लोगों को कांपने के लिए मजबूर होना पड़ा। राज्य में अभी भी ठंड का प्रभाव अधिक है। ▶▶शेष पेज 15 पर

- तीन दिन कई इलाकों में बनेंगे शीतलहर के हालात

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# मेडिकल पीजी प्रवेश की पहली सूची में 273 नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मेडिकल कालेजों की शासकीय कोटे की पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने पहली आबंटन सूची जारी कर दी है। शेड्यूल के मुताबिक पहले राउंड का प्रवेश 24 से 28 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। आवंटन सूची में 273 लोगों को संशोधित नियम के हिसाब से सीटें अलॉट की गई हैं। संशोधित नियम के खिलाफ न्यायालय में मामला लंबित है जिस पर सुनवाई मार्च 2026 में होगी। इसे ध्यान में रखते हुए काउंसिलिंग प्रक्रिया को हाईकोर्ट के निर्णय के अधीन रखा गया है।

राज्य कोटे की सीट को आधा-आधा बांटने के संशोधित नियम के खिलाफ चिकित्सा छात्रों ने न्यायालय की शरण ली थी। इसकी वजह से 10 दिसंबर को मेरिट सूची के प्रकाशन के बाद काउंसिलिंग प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। 13 दिन बाद काउंसिलिंग ▶▶शेष पेज 15 पर

- संशोधित प्रवेश नियम के खिलाफ न्यायालय में मामला, मार्च में प्रस्तावित है सुनवाई

### यह है मामला

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने हाईकोर्ट में लगी याचिका पर आए निर्णय के बाद मेडिकल कालेजों की शासकीय पीजी सीटों को दो भागों में बांटकर एडमिशन देने का संशोधित नियम बनाया। इस नियम से स्थानीय छात्रों का अहित होने का तर्क देते हुए चिकित्सा छात्रों ने हाईकोर्ट की डबल बेंच के समक्ष वाद प्रस्तुत किया। साथ ही एक आवेदन सुप्रीम कोर्ट में लगाया गया। उच्चतम न्यायालय ने प्रकरण में पारित निर्णय के संबंध में हाईकोर्ट स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश शासन को दिया है।

# डायवर्सन अब होगा आनलाइन, नया नियम लागू, आवेदन के 16 दिन में घर बैठे मिलेगा आदेश

## प्रस्तावित नियम दावा-आपत्ति निराकरण के बाद लागू, अब नहीं लगाने पड़ेंगे एसडीएम दफ्तर के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जमीनों के व्यपवर्तन (डायवर्सन) के लिए नया नियम और नई व्यवस्था लागू हो गई है। नए नियम के मुताबिक अब इस काम के लिए सरकार ने एक पोर्टल बनाया है। किसी व्यक्ति को अगर अपनी जमीन का डायवर्सन करवाना हो तो वह ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल में आवेदन करेगा।

इसके साथ ही क्षेत्र के हिसाब से डायवर्सन के लिए तय भू-राजस्व और प्रीमियम दर का ऑनलाइन पेमेंट करना होगा। यह प्रक्रिया होने के बाद वह आवेदन ऑनलाइन माध्यम से संबंधित जिले के क्षेत्र के एसडीएम के पास जाएगा। एसडीएम को इस आवेदन पर 15 दिनों के भीतर कार्यवाही कर डायवर्सन का आदेश जारी करना अनिवार्य होगा। अगर एसडीएम ने यह नहीं किया तो 16वें दिन ऑटोमेटिक सिस्टम से आदेश जारी होगा और जमीन का डायवर्सन हो जाएगा।

राज्य सरकार ने डायवर्सन के नियम और प्रक्रिया में बदलाव के लिए 4 दिसंबर को नए प्रस्तावित नियम का मसौदा जारी कर इस पर दावा-आपत्ति मंगाई थी। तय समय के बाद दावा-आपत्ति का निराकरण करने के बाद इस नियम को अधिसूचित कर दिया गया है। इसके साथ ही यह राज्य में लागू हो गया है।

**एसडीएम दफ्तर के चक्कर से छुटकारा :** छत्तीसगढ़ में अब जमीनों के डायवर्सन के लिए अब शहरों से लेकर गांवों तक में किसानों, भूमि स्वामियों को एसडीएम के दफ्तर में चक्कर लगाने से पूरी तरह छुटकारा मिल जाएगा। राज्य सरकार ने प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है।

### अब होगी ये प्रक्रिया

नए नियम के मुताबिक अब इस काम के लिए सरकार ने एक पोर्टल बनाया है। किसी व्यक्ति को अगर अपनी जमीन का डायवर्सन करवाना हो तो वे ऑनलाइन माध्यम से पोर्टल में आवेदन करेगा। इसके साथ ही क्षेत्र के हिसाब से डायवर्सन के लिए तय भू-राजस्व और प्रीमियम दर का ऑनलाइन पेमेंट करना होगा। यह प्रक्रिया होने के बाद वह आवेदन ऑनलाइन माध्यम से संबंधित जिले के क्षेत्र के एसडीएम के पास जाएगा। एसडीएम को इस आवेदन पर 15 दिनों के भीतर कार्यवाही कर डायवर्सन का आदेश जारी करना अनिवार्य होगा। अगर एसडीएम ने यह नहीं किया तो 16 वें दिन ऑटोमेटिक सिस्टम से आदेश जारी होगा और जमीन का डायवर्सन हो जाएगा।



**पहले 60 दिन का समय लगता था :** छत्तीसगढ़ में यह नियम लागू होने से पहले जमीनों का डायवर्सन एक लंबा समय लेना वाला एक पेचीदा काम बना हुआ था। डायवर्सन के लिए आवेदन देने के बाद एसडीएम को आदेश जारी करने के लिए ही 60 दिन यानि दो माह का समय दिया जाता था। लेकिन इसके बाद भी यह प्रक्रिया आसान नहीं था। बड़ी संख्या में लोग आवेदन देने के बाद एसडीएम दफ्तर के चक्कर लगाते रहे थे। यही कारण है कि राज्य में डायवर्सन के हजारों प्रकरण लंबित हैं।

### अब लागू होंगी प्रीमियम दरें

खास बात ये है कि नए सिस्टम में डायवर्सन के लिए प्रीमियम दरें लागू होंगी। मोटे तौर पर यह 3 रुपए वर्गमीटर से लेकर 25 रुपए वर्ग मीटर रखी गई है। यह दर नगर निगम, पालिका और नगर पंचायतों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग-अलग होगी। जो आवासीय प्रयोजन, आवासीय इकाई, कॉलोनी परियोजना, वाणिज्यक, औद्योगिक और मिश्रित प्रयोजन, सार्वजनिक, संस्थागत, और चिकित्सा सुविधाओं तथा विशेष आर्थिक क्षेत्र के लिए अलग- अलग होगी।

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में हिंदू पर अत्याचार, हस्तक्षेप की मांग



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सकलेन कामदार ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों, हिंसा, मंदिरों के अपमान तथा महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों और सभ्य समाज के मूल्यों के भी खिलाफ है। भारत सरकार से मांग की गई है कि वह इस गंभीर विषय पर तत्काल कूटनीतिक और राजनीतिक हस्तक्षेप करे तथा बांग्लादेश में रह रहे हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा, धार्मिक स्वतंत्रता और सम्मान सुनिश्चित कराए। भारत क्षेत्रीय शांति और मानवाधिकारों का प्रहरी रहा है, इसलिए यह उसकी नैतिक जिम्मेदारी है कि वह बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर अत्याचार तुरंत रुकवाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराए। कामदार ने बांग्लादेश सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत को हल्के में न लिया जाए, किसी भी प्रकार का सांप्रदायिक जुल्म या दमन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह केवल हिंदुओं का नहीं, बल्कि मानवता, लोकतंत्र और सह-अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है।

### मुख्यमंत्री साय सहित मंत्री, सांसद, विधायक कार्यक्रम में रहने की संभावना

# रायपुर के हिंदू सम्मेलन में 30 हजार से ज्यादा जुटेंगे, आएंगे मोहन भागवत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रदेशभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के पास अभनपुर स्थित सोनपैरी गांव में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन 31 दिसंबर को किया जा रहा है। इसकी तैयारी प्रारंभ हो गई है। दस एकड़ क्षेत्र में इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत रहेंगे। ऐसे में संभावना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रिमंडल के ज्यादातर सदस्य, विधायक, सांसद और भाजपा नेता भी कार्यक्रम में रहेंगे। वैसे भी आयोजन समिति के संरक्षक असंग देव आश्रम के प्रमुख देवकर साहेब का कहना है कि प्रदेश के सभी प्रमुख व्यक्तियों को आमंत्रण दिया जा रहा है। सम्मेलन में प्रदेशभर से हिंदू समाज के 30 हजार से ज्यादा लोग जुटेंगे। सम्मेलन स्थल पर 30 हजार से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। जरूरत पड़ने पर और ज्यादा लोगों के बैठने की भी व्यवस्था की जाएगी।

आरएसएस हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित कर रहा है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। एक मंडल में आठ से दस गांवों को रखा गया है। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन किए जा रहे हैं। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियां हैं। इनमें भी हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं।



**भूमिपूजन किया गया**

आयोजन स्थल पर भूमिपूजन भी किया गया है। इस बारे में आयोजन समिति के संरक्षक देवकर साहेब का कहना है कि कार्यक्रम आश्रम के स्थल पर हो रहा है। हमारे सनातन धर्म में परंपरा है कि ऐसे आयोजन से पहले भूमिपूजन किया जाता है, इसलिए भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने बताया आयोजन स्थल पर आरएसएस से जुड़े अनुषांगिक संगठनों की प्रदर्शनी भी लगाएगी जा रही है। उन्होंने बताया आयोजन में प्रदेश भर से हिंदू शामिल होंगे। सर्व समाज के प्रमुखों को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय संत भी आएंगे

सोनपैरी गांव में होने वाले सम्मेलन में राष्ट्रीय संत असंग देव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय चेतना से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में संत, समाजसेवी और आमजन भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और आयोजन स्थल पर सुरक्षा, यातायात और बैठने की समुचित व्यवस्था की जा रही हैं। सम्मेलन के सुचारू संचालन के लिए हिन्दू सम्मेलन समिति की टीम तैनात रहेगी।

# अटल जयंती पर आज स्वच्छता अभियान कल अटल परिसरों का होगा लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- फुंडहर में होगा कार्यक्रम, सीएम साय, डिप्टी सीएम अरुण साव रहेंगे
- सप्ताहभर चलेंगे पूरे प्रदेश में कार्यक्रम

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती पर प्रदेश के भाजपा संगठन और प्रदेश सरकार ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है। अटल जयंती सप्ताह का आगाज बुधवार से किया जा रहा है। पहले दिन 24 दिसंबर को प्रदेशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। दूसरे दिन 25 दिसंबर को जिस दिन अटल जी का जन्मदिन है, उस दिन जहां प्रदेशभर के जिलों में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, वहीं प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रदेश के 115 नगरीय निकायों में अटल परिसर बनाए हैं। इन परिसरों का राजधानी रायपुर से 25 दिसंबर को एक साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय फुंडहर से लोकार्पण करेंगे। यहां पर नगर निगम रायपुर का अटल परिसर बनाया गया है। इस कार्यक्रम में डिप्टी सीएम और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव भी रहेंगे।

प्रदेश की भाजपा सरकार और भाजपा नेता यह बात लगातार कहते हैं कि छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाने का काम स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। इसी के साथ भाजपा ने नारा भी दिया है हमने बनाया है हम ही संवारेंगे। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद नगरीय निकाय विभाग ने प्रदेश के 115 नगरीय निकायों में अटल परिसर का निर्माण करवाने का काम किया है। अब इन परिसरों का एक साथ लोकार्पण करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए राजधानी रायपुर में ही बड़ा कार्यक्रम किया जा रहा है। यहां पर फुंडहर के अटल परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव एक साथ प्रदेश के सभी अटल परिसरों का लोकार्पण करेंगे।



### कवि सम्मेलन भी होंगे

भाजपा के प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय ने बताया, अटल जयंती पर 24 से 31 दिसंबर तक लगातार कार्यक्रम होंगे। अटल जी कवि भी थे, ऐसे में हर जिले में कवि सम्मेलन और संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। ये आयोजन जिले अपनी सुविधा के मुताबिक 24 से 31 दिसंबर के बीच में कभी करेंगे। अलग-अलग आयोजन में प्रदेश संगठन से वक्ता भी जिलों में जाएंगे। सभी जिलों अटल जी के जीवन पर प्रदर्शनी लगाई जा रही है। राजधानी रायपुर में मरीन ड्राइव के साथ ही ठाकरे परिसर में प्रदर्शनी लगाई जा रही है।

## प्रथम बने एबीवीपी के प्रदेश सहमंत्री



**रायपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रथम राव फुटाने को नया प्रदेश सह मंत्री बनाया गया है। भिलाई में हुए 58वें प्रदेश अधिवेशन में उन्हें यह पद प्रदान किया गया। सह मंत्री के साथ प्रदेश मीडिया संयोजक भी प्रथम को घोषित किया गया है। टिकरापारा निवासी प्रथम ने कहा, नई कार्यकारिणी छात्रहित पर विशेष रुप से कार्य करेगी। पूर्व में वे पर्यावरण गतिविधि संयोजक, भाग संयोजक, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सहित अन्य पदों पर भी रह चुके हैं। नवीन कार्यकारिणी के साथ ही अधिवेशन में आगामी कार्ययोजना तथा संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा की गई।

# ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी, दावा-आपत्तियां 22 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत जिले में ड्राफ्ट मतदाता की सूची जारी कर दी गई हैं। इस संबंध में उप निर्वाचन अधिकारी नवीन ठाकुर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सोसाइटी भवन में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने बताया कि एसआईआर के अंतर्गत प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन मंगलवार को कर दिया है। इसके बाद अब 22 जनवरी तक दावा एवं आपत्तियां मंगाई गई हैं।



### दावा-आपत्तियों का निराकरण के लिए सुनवाई-सत्यापन 14 फरवरी तक

उप निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दावा-आपत्तियों के निराकरण के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। इसके लिए सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया 23 दिसंबर से 14 फरवरी 2026 तक की जाएगी। समस्त प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा। इस बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ड्राफ्ट मतदाता सूची की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉफी दी गई।

### नाम जुड़वाने-हटाने व संशोधन के लिए दावा-आपत्ति

निर्वाचन आयोग ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, नाम हटाने तथा संशोधन कराने के लिए दावा-आपत्ति कर सकते हैं। इसके लिए मतदाता सूची से संबंधित जानकारी के लिए मतदाता अपने संबंधित मतदान केंद्र, तहसील कार्यालय या निर्वाचन कार्यालय से संपर्क कर सकता है। बैठक में ईआरओ मनीष मिश्रा, ज्वाइंट कलेक्टर के.एम अग्रवाल, एसडीएम नंदकुमार चौबे, एसडीएम अभिलाषा पैंकरा, एसडीएम आशुतोष देवांगन सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय, रायपुर छ.ग.**

**नाम परिवर्तन की सूचना**

मैं शपथकर्ती श्रीमती रजनी हीरा पति श्री ज्ञान चंद, उम्र 65 वर्ष, निवासी दुर्गा मंदिर के पास डा. राजेन्द्र नगर रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूँः-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।
2. यह कि मै जब कुमारी थी उस समय मेरा नाम राजकुमारी पिता गंगाराम मानेकर निवासी डा. राजेन्द्र नगर रायुपर छ.ग. वाली के नाम से जानी व पहचानी जाती थी।
3. यह कि मेरा विवाह शादी दिनांक 31.01.1983 को ज्ञान चंद के साथ संपन्न हो चुका है और उक्त विवाह के बाद मैं **राजकुमारी** के स्थान पर **नया नाम श्रीमती रजनी हीरा पति ज्ञान चंद** के नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ।
4. यह कि मेरे उक्त विवाह के बाद मैने अपना नाम राजकुमारी से बदलकर श्रीमती रजनी हीरा रख लिया है और उक्त विवाह के बाद मैं श्रीमती रजनी हीरा पति ज्ञान चंद के नाम से जानी व पहचानी जाती हूँ तथा भविष्य मे मुझे श्रीमती रजनी हीरा पति ज्ञान चंद के नाम से जाना व पहचाना जावें।

अतः मेरे द्वारा अपना नाम पूर्व नाम राजकुमारी से बदलकर नया नाम विवाह के बाद श्रीमती रजनी हीरा पति ज्ञान चंद नाम रख लिया है इसलिए नाम परिवर्तन हेतु सत्य कथनों के समर्थन मै शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ती आज सत्यापित करती हूँ कि उक्त शपथपत्र में वर्णित सभी तथ्य मेरे ज्ञान के अनुसार सही व सत्य है आज मेरे द्वारा हस्ताक्षर कर सत्यापित किया गया।

**रजनी हीरा**

दिनांक 17.12.2025 **शपथकर्ती**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर**

**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः-जिला-**रायपुर** तहसील- **अभनपुर** प.ह.न.- **00018 भेलवाडीह** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण **क्रमांक**- **RD202526441632700004**

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00018 के अंतर्गत ग्राम भेलवाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी विरेन्द्र कुमार, खीलेन्द्र, विद्या, भारती पिता/पति विजय पता- चन्द्रशेखर, रोशनलाल पिता/पति- सोहनलाल पता-कौशिल्या पिता/पति विजय पता गंगा प्रसाद पिता / पति- सोहनलाल पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 67/1 (0.1110), 69 (0.1300), 70/1 (0.0250), 74 (0.1800), 80 (0.1200), 83 (0.3900), 85 (0.0100), 85/1 (0.0090), 86 (0.0100), 93 (0.0100), 97 (0.0400), 100 (0.0300), 114 (0.1000), 115 (0.2900), 122 (0.5500), 122/1 (0.0450), 146 (0.5600), 195 (0.1500) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गंगा प्रसाद पिता/पति-सोहनलाल पता, कौशिल्या पिता/पति विजय पता, विरेन्द्र कुमार, खीलेन्द्र विद्या, भारती पिता/पति विजय पता, चन्द्रशेखर, रोशनलाल पिता/पति- सोहनलाल पता के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07/01/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/12/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदारः- VIPIN PATEL**
**तहसील-अभनपुर**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पांडव राम यादव (PANDAV RAM YADAV), पिता- चैतूराम यादव, पता- गांधी नगर, मुर्रा भट्ठी, गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपने अन्य नाम पांडूराम यादव (PANDURAM YADAV), पिता चैतूराम यादव को त्याग कर सिर्फ एक नाम पांडव राम यादव (PANDAV RAM YADAV), पिता- चैतूराम यादव से ही पहचाना जाना चाहता हूँ।

अतः अब से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नाम पांडव राम यादव (PANDAV RAM YADAV), पिता- चैतूराम यादव से ही जाना व पहचाना जावे।

रायपुर छ.ग.
दिनांकः- 22/12/2025

**भवदीय**
**पांडव राम यादव**
**(PANDAV RAM YADAV)**
**पिता- चैतूराम यादव,**
**पता- गांधी नगर, मुर्रा भट्ठी,**
**गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-16 में मुख्यमंत्री सह प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत एल.आई.जी. प्रकोष्ठ भवन क्रमांक -SEC-16/2nd F. BL-32/212 को श्रीमती निर्मला कामले एवं कु. राजेश्वरी कामले निवासी- मकान नं. डी.ई.-02, इन्द्रप्रस्थ कालोनी, रायपुरा तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि रु. 8.50,000.00 जमा किया गया है। रजिस्ट्री एवं आधिपत्य की कार्यवाही शेष है। मूल आबंटी श्रीमती निर्मला कामले द्वारा उक्त भवन में कु. राजेश्वरी कामले का नाम विलोपित कर पति श्री शंकर राव कामले पिता श्री एन.आर. कामले का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र, सहमति पत्र, छत्तीसगढ़ राज्य सरकारी बैंक मर्यादित का एन.ओ.सी. प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-16 में मुख्यमंत्री सह प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत एल.आई.जी प्रकोष्ठ भवन क्रमांक -SEC-16/2nd F. BL-32/212 में कु. राजेश्वरी कामले का नाम विलोपित कर श्रीमती निर्मला कामले एवं श्री शंकर राव कामले के नाम दर्ज करने पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रोशन मिश्रा पिता श्री रामकृष्ण पता- ग्राम देवदा पो. लखौली तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. मेरे पक्षकार की स्वामित्व आधिपत्य की भूमि वाके मौजा- देवदा प.ह.न. 28 रा.नि.मं. पलौद तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा क्रमांक-250 का भाग रकबा 0.4000 हे. भूमि के संबंध में पूर्व में मेरे पक्षकार रोशन मिश्रा के द्वारा राजाबाबु कोसरे पिता एम.आर. कोसरे पता-अन्नपूर्णा विहार एच.टी.पी.सी.एस. वार्ड क्रमांक-37 दर्री जमनीपाली कोरबा को पूर्व में मुख्त्यारआम नियुक्त किये थे जिनका मुख्त्यारनामा का निरस्तीकरण उप पंजीयक कार्यालय नवा रायपुर में दिनांक 09/12/2025 को प्रस्तुत कर निरस्त किये है। जिसका पुस्तक क्रमांक-4 गंथ क्रमांक 30 पृष्ठ क्रमांक - 426 से 446 एवं दस्तावेज क्रमांक-**CG-2025-26-110-04-104** दर्ज है।

उपरोक्त वर्णित भूमि या उसके किसी भाग के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में या उसका व्यवहार, अंतरण के संबंध किसी भी प्रकार से कोई सौदा या बिकी इकरारनामा किया गया होगा वह स्वमेव ही निरस्त व शून्य माना जावेंगा। उक्त मेरे पक्षकार द्वारा मुख्सारनामा निरस्त किये जाने संबंध बाबत आम सूचना का खण्डन समाचार पत्र के माध्यम से अस्वीकार होगा। म्याद बाद 07 दिवस के भीतर उक्त वर्णित भूमि का तदोपरांत की गई कोई भी दावा-आपत्ति अवैध व शून्य मा जावेगा जा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक 23/12/2025

**असीम कांति घोष (अधिवक्ता)**
**पता-छोटापारा, रायपुर तहसील व**
**जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. - 8319577646**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोनिका विश्वकर्मा पिता सुग्रीम विश्वकर्मा निवासी बोरियाखुर्द तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता रिंका चौरसिया पति श्री विनोद चौरसिया निवासी - ई.डब्ल्यू.एसस. ब्लाक नंबर 10 हाउसिंग बोर्ड कालोनी, नरदहा, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के हक, कब्जे एवं स्वामित्व की भवन/मकान जिसका क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-5, ब्लाक नंबर 10 क्षेत्रफल 37.06 वर्गमीटर हाउसिंग बोर्ड कालोनी, नरदहा, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, क्रय करने का पक्का सौदा कर इकरारनामा का निष्पादन कर ब्याना राशि अदा कर दिया है प्रतिफल राशि प्रदान कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है।

यह कि उपरोक्त क्रय विक्रय पर जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार या पारिवारिक सदस्य आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत कर पावती लेवें। समाचार पत्र मे प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति / खंडन स्वीकार योग्य नही होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रयपत्र की निष्पादन एवं पंजीयन करा ली जावेगी बाद मियाद प्राप्त आपत्ति झूठी एवं नाजायज मानी जावेगी तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

अतः सूचना जाने ।

रायपुर
दिनॉक

**जगदीश मूर्ति (अधिवक्ता)**
**निवास / कार्यालय- गौरा गौरी चौक,**
**मोवा, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.-9074964000**



## खबर संक्षेप



### राधेश्याम साहू पुनः विभाग संयोजक और भावेश नवरंगे बने तिल्दा जिला संयोजक

**अभनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय प्रदेश अधिवेशन भिलाई में अभनपुर क्षेत्र के खोरपा निवासी राधेश्याम साहू को पुनः बलौदाबाजार विभाग (रायपुर ग्रामीण व बलौदाबाजार) का विभाग संयोजक नियुक्त किया गया वहीं अभनपुर के भावेश नवरंगे को तिल्दा जिला (रायपुर ग्रामीण) का जिला संयोजक बनाया गया। दोनों पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया, नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।

### सांकरा में बाबा गुरु घासीदास जयंती 25 को

**सिलयारी।** सांकरा में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती 25 दिसंबर को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई जाएगी। जयंती के अवसर पर आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गुरु खुशवंत साहेब, मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। समाज के प्रमुखों ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः शोभायात्रा के साथ ध्वजारोहण एवं गुरु गद्दी पूजा से होगी। इसके पश्चात संध्या काल में नगर के मुख्य मार्गों से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में पारंपरिक पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

### कांकेर हिंसा के विरोध में छत्तीसगढ़ बंद को शिवसेना आरंग का समर्थन

**आरंग।** कांकेर जिले के आमाबेड़ा में मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजाति समाज पर किए गए हमले को लेकर शिवसेना आरंग के शिवसैनिकों ने आक्रोश व्यक्त किया है। इस घटना पर रोष प्रकट करते हुए शिवसेना रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कहा कि यह कोई मामूली घटना नहीं है, बल्कि यह पहले से ही सुनियोजित तरीके से किया गया सोचा-समझा हमला है। आमाबेड़ा के स्थानीय जनजाति समाज के प्रति हमारी पूरी संवेदना है और हम इस घटना का पुरजोर विरोध करते हैं। शिवसेना आरंग नगर अध्यक्ष राज दुबे ने कहा कि प्रदेश भर में ईसाई मिशनरियां जिस तरह से मासूम हिंदुओं एवं जनजाति समाज के लोगों को बहला-फुसलाकर धर्म परिवर्तन करा रही हैं, उसके लिए शासन-प्रशासन को तत्काल कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कल छत्तीसगढ़ बंद को शिवसेना आरंग पूर्ण रूप से समर्थन देगा। शिवसेना के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण कल नगर भ्रमण करते हुए सभी व्यापारियों एवं दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का आह्वान करेंगे।

### नेऊरडीह में गुरु घासीदास जयंतीव मंडाई मेला धूमधाम से मनाया

**सिलयारी।** ग्राम नेऊरडीह में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर रविवार को मंडाई मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया था । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में धरसीवां विधायक अनुज शर्मा ने बाबा गुरु घासीदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहां कि बाबा गुरु घासीदास जी के ज्ञान है। कि किसी के साथ अन्य मत करो और अन्य सहो भी मत आज बाबा जी के जैतखाम फोटो के सामने संकल्प लेना चाहिए कि मांसाहार व मंदिरा पान से दूर रहो यह सभी बातें को सभी समाज में ला के जरूरत है। बाबा जी के जयंती में संकल्प लें के जरूरत है। इस अवसर पर नेऊरडीह सरपंच पार्वती बंजारे ने गांव के विकास के लिए विधायक से अपनी बात रखी है। जिस पर विधायक ने गांव के विकास के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया।

## समारोह : कर्मा विद्यालय समोदा की वार्षिकोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# मेहनत और ईमानदारी से संवरेगा भविष्य : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

कर्मा विद्यालय समोदा में वार्षिक उत्सव, स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 21 दिसंबर 2025 को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संदीप साहू, विधायक कसडोल, पूर्व अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन एवं अध्यक्ष अखिल भारतीय तेलिक महासभा युवा प्रकोष्ठ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसी साहू, सेवा निवृत्त अपर कलेक्टर रायपुर ने की। विशिष्ट अतिथियों में श्री शैलेंद्र कुमार पाटले, प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समोदा, मिनेश कुमार साहू, वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि रायपुर, इंजीनियर सेवक साहू, वरिष्ठ समाजसेवी, आरू साहू, छत्तीसगढ़ी लोक गायिका एवं डॉ. वेद लाल साहू, महात्मा ज्योतिबा फुले नेशनल फेलोशिप अवार्डेड-2024 उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संस्था के संचालक नंदकुमार साहू के कुशल मार्गदर्शन में शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिया गया। नन्हे-नन्हे बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों, अतिथियों एवं पालकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिस पर दर्शकों ने तालियां बजाकर भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकों तथा ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने भी अपने संबोधनों से समां बांध दिया। मुख्य आकर्षण का केंद्र लोक गायिका आरू साहू एवं कसडोल विधायक संदीप साहू रहे। दोनों ने एक ही मंच पर खड़े होकर बारी-बारी से कार्यक्रम को संबोधित किया। संदीप साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि छोटे बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए इस प्रकार का आयोजन अत्यंत सराहनीय है, जिससे बच्चों को मंच मिलता है और वे सीखते हैं। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी प्रतिदिन अपने लिए तीन घंटे पढ़ाई हेतु निकालते हैं, तो वे निश्चित ही सफलता के शिखर पर पहुंचेंगे।




### ये रहे शामिल

साथ ही योगेंद्र चंद्राकर, मंगल साहू, राज जलक्षत्री, राजा मोरध्वज कोचिंग सेंटर, अमन साहू, रानी सागरवंशी खेल युवा संघ को समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन प्रमुख नंदकुमार साहू, विद्यालय का समस्त स्टाफ पूजा साहू, हितेश कुमार साहू, टिकेश्वरी मानिकपुरी, इंदु साहू, सीमा साहू, संजना साहू, वंदना साहू, साधना साहू, डीकेश्वरी निषाद, सरोजनी सोनी, पालक संघ से पूनमचंद साहू, यादराम, शेखर साहू, रामकृत साहू, आशीष साहू, शिवलाल साहू, लेखु साहू, दानेश्वरी साहू, गोमती साहू (पार्षद), दीपक साहू, मेहतरू साहू, डॉ. अलख साहू, डॉ. जितेंद्र साहू, गेंदलाल साहू, देवनाथ साहू, रेशम निर्मलकर, नारायण साहू, नरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में पालकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था के शिक्षक सोमनाथ साहू एवं शिक्षिका श्रीमती नम्रता देवांगन द्वारा किया गया।

### नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के मेधावी छात्रों का सम्मान

बीसी साहू, सेवा निवृत्त अपर कलेक्टर रायपुर ने कहा कि यदि बच्चे अपने विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ अनुशासन, कड़ी मेहनत एवं ईमानदारी को अपनाते हैं, तो उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। विशिष्ट अतिथि शैलेंद्र कुमार पाटले, प्राचार्य आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समोदा ने अंग्रेजी को सरल विधि से पढ़ाने एवं सीखने के उपायों पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ साहित्यकार मिनेश कुमार साहू ने अपनी कविता के माध्यम से अमर छत्तीसगढ़ी गीत एवं सुवा गीत की धुनों की व्याख्या की तथा मोबाइल विषय पर कविता प्रस्तुत कर पूरे मंच को मंत्रमुग्ध कर दिया। इंजीनियर सेवक साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को पढ़ाई के प्रति लगन रखनी चाहिए। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन का स्मरण करते हुए बताया कि कड़ी मेहनत एवं दृढ़ संकल्प ही व्यक्ति को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। उनके द्वारा नर्सरी से आठवीं कक्षा तक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1100 रुपये नगद एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रोत्साहन राशि श्री सेवक साहू द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान की जाती है। डॉ. वेद लाल साहू ने भी अपने उद्बोधन में अनुशासन, दृढ़ संकल्प एवं कड़ी मेहनत को सफलता का मूल मंत्र बताया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के लोक गायक राजा मोरध्वज की नगरी आरंग की लोग बयार संस्था के संचालक गंगा साहू, मानिकराम साहू, जिलाध्यक्ष महासमुंद तथा माता कौशल्या वेलफेयर फाउंडेशन वृद्धजन सेवा सदन की संचालिका उषा साहू को कर्मा विद्यालय समोदा के डायरेक्टर नंदकुमार एवं सुनीता साहू द्वारा प्रतीक-चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।

### समोदा-बनरसी-तुलसी मार्ग के लिए 18.15 करोड़ स्वीकृत



**चन्दखुरी।** छत्तीसगढ़ सरकार ने आरंग के समोदा-बनरसी तुलसी मार्ग की चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य को प्रशासनिक स्वीकृति दी। छत्तीसगढ़ सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट अंतर्गत जिला रायपुर में स्थित (आरंग) समोदा-बनरसी-तुलसी मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य सहित मार्ग में प्रस्तावित पुल-पुलिया निर्माण के लिए 1815.98 लाख (अठारह करोड़ पंद्रह लाख अट्ठानवे हजार रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति राज्य शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग को जारी आदेश के माध्यम से दी गई है, जिसके अंतर्गत 8.20 किलोमीटर लंबाई के इस महत्वपूर्ण मार्ग को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, सड़क सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वीकृत यह परियोजना क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह मार्ग स्थानीय नागरिकों, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों तथा दैनिक आवागमन करने वाले लोगों के लिए सुगम, सुरक्षित एवं टिकाऊ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगा।



## आमाबेड़ा घटना के विरोध में आज आरंग बंद का आह्वान

**आरंग।** कांकेर जिले के आमाबेड़ा में मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजाति समाज पर किए गए हमले तथा इस मामले में स्थानीय प्रशासन के कथित पक्षपातपूर्ण रवैये के विरोध में 24 दिसंबर को 'सर्व समाज छत्तीसगढ़' द्वारा 'आरंग बंद' का आह्वान किया गया है। छत्तीसगढ़ बंद के आह्वान को लेकर सर्व समाज की ओर से आयोजित एक पत्रकार वार्ता में बताया गया कि धर्मांतरण के विरोध में आवाज उठाने वालों के साथ प्रशासन ने निष्पक्ष रवैया नहीं अपनाया, जिसके चलते जन आक्रोश बढ़ता गया। अब इसके विरोध में समाज ने शांतिपूर्ण तरीके से बंद का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को दोपहर 1 बजे सर्व समाज की एक सभा बस स्टैंड, आरंग में आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न समाजों के प्रमुख अपने विचार व्यक्त करेंगे। सभा के पश्चात निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पत्रकार वार्ता में देवेंद्र सिंह ठाकुर, जी.एस. यादव, ओमप्रकाश गुप्ता, नरेंद्र लोधी, सावन शुक्ला, तोषण साहू, तेजराम जलक्षत्री, रामू मिर्धा, सतीश मानु जलक्षत्री, अग्रवाल, संतोष लोधी, हिरामन कोसले, अविनाश विक्की साहू, अमिताभ अग्रवाल उपस्थित रहे। आपको बता दें कि इस बंद को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने भी अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है।

## तिल्दा ब्लॉक में 37 हजार बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा के सभी 222 बुथो में शून्य से 5 वर्ष आयु वर्ग के 37000 बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पोलियो की खुराक पिलाई गई। पहले दिन रविवार को राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने तिल्दा वार्ड क्रमांक 6 में स्थित हमार क्लीनिक में बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाकर तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष सिन्हा ने बताया कि तिल्दा ब्लॉक में शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाने के लिए 39 हजार 500 का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए कुल 222 बूथ बनाए गए थे। पहले दिन सभी बुथो पर 33000 बच्चों को खुराक दी गई। सोमवार और मंगलवार को मितानिन, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर छूटे बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलावाया। पहले के बाद दुसरे दिन सोमवार को 4000 हजार बच्चों को दवा पिलाई गई, जबकि अभियान के आखिरी दिन मंगलवार को है। छूटे ढाई हजार बच्चों को दवा की खुराक पिलाई गई। इस अभियान को सफल बनाने पार्षद रानी सौरभ जैन का विशेष योगदान रहा। रानी ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ वार्ड में जाकर बच्चों को पोलियो का ड्राप पिलाया। इस दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सिन्हा घूम घूमकर जायजा लेते रहे। उन्होंने बताया कि तिल्दा नेवरा के सभी बुथो को जो लक्ष्य दिया गया था।

## शिवांजली महोत्सव में कुंरा के शिवांश स्कूल का जलवा, डांस व म्यूजिक में जीता प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसीवा

नगर पंचायत कुंरा स्थित शिवांश इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। रायपुर के प्रतिष्ठित तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 'शिवांजली' में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी कला का ऐसा जादू बिखेरा कि डांस और म्यूजिक दोनों ही प्रमुख विधाओं में विद्यालय ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। इस दोहरी जीत ने स्कूल के नाम एक और सुनहरा कीर्तिमान जोड़ दिया है। प्रतियोगिता के पहले चरण में डांस श्रेणी के अंतर्गत विद्यालय के छात्रों ने 'संकटमोचन हनुमान' के जीवन प्रसंगों का सजीव नाटकीय चित्रण प्रस्तुत किया। वेशभूषा, भाव-भंगिमा और तकनीकी तालमेल ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, संगीत प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। जब विद्यार्थियों ने कर्मा, ददरिया और देवार गीतों की तान छेड़ी, तो पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा और अतिथि झूमने पर मजबूर हो गए। विशेष सम्मान सत्र के दौरान विद्यालय की प्राचार्या सुश्री हिमांशी शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके मनोबल को बढ़ाया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा आज की यह जीत केवल एक ट्रॉफी नहीं है, बल्कि हमारे विद्यार्थियों के अटूट परिश्रम, अनुशासन और अपनी संस्कृति के प्रति उनके गहरे जुड़ाव का प्रमाण है। 'शिवांजली' जैसे बड़े मंच पर प्रथम स्थान प्राप्त करना यह दर्शाता है कि धरसींवा ,कुंरा जैसे क्षेत्रों की प्रतिभाएं किसी से कम नहीं हैं। हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी कला को पहचानकर उसे तराशना है। उन्होंने आगे कहा जब हमारे बच्चे 'बजरंगबली' का चरित्र निभाते हैं या 'कर्मा-ददरिया' गाते हैं, तो वे अपनी जड़ों से जुड़ते हैं। मैं चाहती हूँ कि हमारे छात्र भविष्य में भी इसी तरह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करें। स्कूल प्रबंधन हर उस छात्र के साथ खड़ा है जो अपने सपनों को सच करने का साहस रखता है।





## जीवन और खेल दोनों विषमताओं का संगम : साहू

**अभनपुर।** ग्राम राखी (उल्बा) के खेल मैदान में युवा क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आठ दिवसीय 'क्रिकेट चैलेंज कप प्रतियोगिता' का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच एवं भाजपा नेता नेहरू लाल साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना कर और बल्ला थामकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। खिलाड़ियों और दर्शकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नेहरू लाल साहू ने खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, /"क्रिकेट और जीवन दोनों एक समान हैं, जहाँ परिस्थितियाँ पल-पल बदलती हैं। जो टीम विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखती है और मैदान पर टिकी रहती है, अंततः जीत उसी की होती है। उन्होंने आगे कहा कि खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि मानसिक संतुलन भी बेहतर होता है। सरपंच ने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे हार-जीत से ऊपर उठकर खेल भावना और अनुशासन के साथ खेलें। ग्रामीण अंचलों में ऐसे आयोजनों से छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। टूर्नामेंट के सफल संचालन के लिए युवा क्रिकेट क्लब की पूरी टीम जुटी हुई है। शुभारंभ के अवसर पर आयोजक अध्यक्ष प्रेमनारायण यादव, कप्तान मुकुल शर्मा, संजय साहू और आकाश शर्मा सहित क्लब के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर दिलेश्वर साहू, बृजेश पांडे, होरीलाल साहू, भूपेश दास मानिकपुरी, ईश्वर साहू, रोशन साहू, हुमन साहू, रेखराम अनंत, कैलाश तिवारी, युगल वर्मा, हेमराज साहू और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।



### टेकारी सरपंच ने अवैध प्लाटिंग पर चलवाई जेसीबी

**सिलयारी।** राजधानी रायपुर से लगे ग्राम पंचायत टेकारी में अवैध प्लाटिंग पर शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने के चलते पंचायत प्रतिनिधि ने प्रस्ताव पारित कर सरपंच चंद्रकांत वर्मा के नेतृत्व में अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला दिया। पिछले एक साल से ग्राम पंचायत टेकारी में बगैर परमिशन से मुरुम की सड़क बनाकर अवैध प्लाट कटिंग करने और बेचने का अवैध कारोबार धड़ल्ले से अभी तक जारी है। लेकिन शिकायत के बाद जिला प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रही है। यही वजह है कि अवैध प्लाटिंग करने वालों का हौसला बुलंद था । कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत सरपंच चंद्रकांत वर्मा ने धरसीवां तहसीलदार बाबूलाल कुर्रे से लिखित शिकायत की थी। शिकायतों के बाद भी मॉनिटरिंग के लिए प्रशासनिक टीम स्थलों पर नहीं पहुंच रही थी। इसी के चलते पंचायत प्रतिनिधियों ने मांढर कॉलोनी पोस्ट ऑफिस के पीछे और पोस्ट ऑफिस के सामने वाले अवैध प्लाटिंग पर जेसीबी चलाकर रोड रास्ता से अतिक्रमण हटाया गया। ग्राम पंचायत टेकारी सरपंच चंद्रकांत वर्मा बताया कि धरसीवा तहसीलदार से शिकायत करने के बाद प्रशासन द्वारा अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई नहीं कर रहे थे। ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित कर खसरा नंबर 259/64 , 65, 66, 67, 72, 73, 74 व 267/9 पर जेसीबी चलाकर अवैध प्लाट व रोड रास्ता पर अतिक्रमण कार्यवाही किया गया है । सरपंच चंद्रकांत वर्मा ने बताया कि अवैध प्लाटिंग का काम जो भूमि माफिया कर रहे हैं। उनका रेरा में पंजीयन तक नहीं हैं। किसानों की खेती जमीन का सौदा कर उन्हें प्लाट के रुप में टुकड़े कर रहे हैं। जिन्हें खुद का प्रोजेक्ट बताकर इसे टुकड़ो में बेचा जा रहा है। भू माफिया खुद ही मुरुम की सड़कें भी बनाव रहे हैं। इस पर कार्रवाई की गई है। आगे भी लगातार कार्रवाई चलते रहेगा।

## सांता क्लॉज ने बांटी खुशियां, निकली भव्य रैली

# आज मध्यरात्रि चर्चों में गूंजेगा हैप्पी बर्थडे जीसस, रोशनी से जगमगाए गिरजाघर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव 'क्रिसमस' को लेकर तिल्दा नेवरा के मसीही समुदाय में भारी उत्साह देखा जा रहा है। शहर के सेंट थॉमस चर्च और एबी चर्च को रंग-बिरंगी झालरों, सितारों और क्रिसमस ट्री से दुल्हन की तरह सजाया गया है। आज 24 दिसंबर की मध्यरात्रि जैसे ही घड़ी की सुइयां 12 पर मिलेंगी, गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं के साथ प्रभु यीशु का जन्म मनाया जाएगा। मंगलवार शाम को शहर में भव्य क्रिसमस रैली निकाली गई। रैली में सांता क्लॉज बच्चों को चॉकलेट बांटते हुए आकर्षण का केंद्र रहे। डीजे पर बजते प्रभु यीशु के भजनों पर समाज के युवा और बच्चे जमकर थिरके। यह रैली चर्च से शुरू होकर तिल्दा बस्ती, डॉ. खूबचंद बघेल चौक, हेमू कालानी चौक और अग्रसेन चौक होते हुए वापस चर्च पहुंची।




**चरनी और गौशाला में होगा प्रभु का आगमन :** चर्च परिसर में प्रभु यीशु के जन्म के दृश्य को जीवंत करने के लिए आकर्षक चरनी (गौशाला) बनाई गई है। फादर प्रमेन्द्र सिंह ने बताया कि क्रिसमस का पर्व सादगी, त्याग और विश्व शांति का संदेश देता है। आज रात 12 बजे जन्म के पश्चात जोरदार आतिशबाजी के साथ प्रभु का स्वागत किया जाएगा और धर्मगुरु विश्व शांति व क्षमा के लिए विशेष प्रार्थना करेंगे। क्रिसमस के खास 'प्लम केक' को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। संगीता रानीदेहोआस ने बताया कि पिछले 15 दिनों से 'कैरल सिंगिंग' (भजन टोली) के माध्यम से घर-घर जाकर प्रभु का गुणगान किया जा रहा है। अब घरों में मेवों और विशेष सामग्रियों से केक बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है। बाजारों में भी गिफ्ट और सांता ड्रेस की भारी मांग देखी जा रही है।

### सामाजिक सौहार्द का प्रतीक

स्थानीय नागरिक सुनील लाल ने कहा कि क्रिसमस अब केवल एक समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि तिल्दा नेवरा में सभी धर्मों के लोग इस खुशी में भागीदारी करते हैं। यह त्योहार दूसरों के प्रति दया और आशा रखने की प्रेरणा देता है। आज रात 12 बजे चर्चों में मिसा बलिदान (विशेष प्रार्थना) और प्रभु का जन्म। सेंट थॉमस और एबी चर्च की लाइटिंग और भव्य चरनी। घर-घर जाकर कैरल सिंगिंग और केक काटकर खुशियां बांटना।

पेज 13 के शेष...

### सरकारी अस्पतालों ...

पर परिजनों से जमकर वसूली कर रहे हैं। इन अस्पतालों में इलाज के नाम पर विभिन्न बहानों से अतिरिक्त राशि लेने की शिकायत तो आए दिन आती रहती है, मगर ज्यादातर को अनसुना कर दिया जाता है। आंकड़ों की मानें, तो राज्य में दिसंबर 2024 से लेकर अब तक प्रदेश में 31 अस्पतालों के खिलाफ इलाज में लापरवाही अथवा अतिरिक्त रकम वसूली की शिकायत हुई। इनमें से 22 शिकायत जांच के नाम पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्तर पर डंप कर दी गई। 11 शिकायतों को जांच के दौरान झूठा करार दिया गया। इस दौरान दो अस्पतालों का पंजीयन योजना से निरस्त किया गया और 2 हास्पिटलों को 3-3 माह के लिए योजना से निलंबित किया गया। 4 प्रकरण में फरियादी को अतिरिक्त राशि वापस कराई गई। 3 शिकायतों पर चेतावनी जारी हुई और 2 प्रकरणों में समझौता के बाद शिकायत वापस ली गयी।

### ड्रग सप्लायर समेत पांच गिरफ्तार इनमें...

कर लाए थे। पुलिस ने पराग बरछा उर्फ रघु, शुभम राजू धावड़े, अमन शर्मा, शुभम सिंघनापुरे उर्फ आर्यन तथा एक किशोरी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कैश 20 हजार रुपए भी जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों तक एमडीएमए की खेप नागपुर के रास्ते पहुंची थी।

### शहर में 12 डिग्री के टेंप्रेचर...

शहर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा, इसके बाद भी यहां ठंड का खासा असर है। शहर के चार-पांच किमी बाहर तापमान दस डिग्री से नीचे जा रहा है, जिससे वहां के लोगों को कंपकंपी छूट रही है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य का सबसे कम तापमान 5.6 अंबिकापुर का दर्ज किया गया। इससे आगे यानी उत्तरी सीमा से सटे क्षेत्रों में तो पारा दो से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच रिकार्ड किया गया। मैदानी इलाकों में दुर्ग जिले के कई इलाकों में ठंड ने असर दिखाया और वहां शीतलहर का प्रकोप रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले तीन दिनों तक ठंड बढ़ते क्रम में महसूस होगी और राज्य के कई इलाकों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है।

### मेडिकल पीजी प्रवेश की पहली सूची...

प्रक्रिया में प्रथम दौर की आबंटन सूची जारी कर दी गई है। यह फैसला अभ्यर्थियों के शैक्षणिक हितों और चिकित्सा परामर्श समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित अनिवार्य समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मंगलवार को जारी की गई सूची में 273 अभ्यर्थियों को शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों की सीटें अलॉट की गई हैं। पहले राउंड में दस्तावेजों की जांच और प्रवेश की प्रक्रिया 24 से 28 दिसंबर तक पूरी की जाएगी। सीटों का आबंटन करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने संशोधित नियम का पालन किया है। इसमें राज्य की कोटे पचास फीसदी सीट इंस्टिट्यूशनल कोटा और पचास प्रतिशत सीट ओपन मेरिट के आधार भरी जाएंगी। राज्य काउंसिलिंग समिति ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान काउंसिलिंग प्रक्रिया एवं इसके अंतर्गत किए गए सभी सीट आबंटन उक्त रिट याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। साथ ही, सभी संबंधित हितधारकों एवं अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे राज्य काउंसिलिंग समिति द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली आधिकारिक सूचनाओं पर सतत रूप से नजर बनाए रखें।

## श्री गुलाब साईं दरबार का आज से स्थापना दिवस समारोह

रायपुर। संत श्री गुलाब बाबा के टैगोर नगर स्थित मंदिर का सत्रहवां वार्षिकोत्सव 24 एवं 25 दिसंबर को मनाया जाएगा। संत श्री गुलाब बाबा देश के प्रसिद्ध संतों में जाने जाते हैं। बाबा के भक्तों ने 2008 में इस मंदिर की स्थापना करवाई थी, तब से हर वर्ष बड़ी धूमधाम से स्थापना दिवस का उत्सव मनाया जाता है। इसमें पूरे देश से सैकड़ों भक्त शामिल होते हैं। श्री गुलाब साईं दरबार में कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार शाम 7 बजे भजन संध्या से होगी।

## निधन

### राजकिशोर महाकालकर



रायपुर। महोबा बाजार निवासी राजकिशोर महाकालकर का 23 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे प्रदीप व लक्ष्मण के बड़े भाई, अभिषेक, आशीष और आशुतोष महाकालकर के पिता थे।

### झाड़ूराम वर्मा



रायपुर। तिल्दा-नेवरा के ग्राम तुलसी निवासी झाड़ूराम वर्मा का 23 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम सस्कार 24 दिसंबर को सुबह 12.30 बजे उनके गृहग्राम में किया जाएगा। वे बालाराम वर्मा, मोहनलाल वर्मा, दीना नाथवर्मा, लेखराम वर्मा, कमला वर्मा, बिमला वर्मा, लता वर्मा व मिथिला वर्मा के पिता थे

### डॉ. अरविंद कुमार झा



रायपुर। शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई के कुलपति डॉ. अरविंद कुमार झा मंडला वाले (67) का 22 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी श्मशानघाट में किया गया। वे अदिति और आयुष के पिता थे।

### उषा कौशल



रायपुर। कचना रोड स्थित राजीव लोचन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी ऊषा कौशल का 23 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका कौशल,ऋतुराज, अशोक व आनंद कौशल की माता एवं विशाल यादव की सास थीं।

### त्रिवेणी बाई देशमुख

रायपुर। बालोद जिले के ग्राम बुढ़ानपुर निवासी त्रिवेणी बाई देशमुख (93) का 23 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 दिसंबर को गृहग्राम में किया जाएगा। वे दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज राजनांदगाव इकाई के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद देशमुख एवं विमल देशमुख, स्व. भूपेंद्र देशमुख, नेमी देशमुख व ईश्वरी देशमुख की माता थीं।

# मोक्षित की बिगड़ी सीबीसी मशीन को सुधारकर चलाने दिल्ली की कंपनी राजी, जल्द जांच शुरू होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घोटाला खुलने के बाद राज्य के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में लॉक एवं रीएजेंट के अभाव में बंद पड़ी मोक्षित कार्पोरेशन की चंदा-9904 मॉडल को सुधारने के बाद चलाने के लिए दिल्ली की एक डायग्नोसिस कंपनी राजी हो गई है। दावा आपत्ति की प्रक्रिया के बाद संबंधित कंपनी को एलिजेबल माना गया है और आने वाले दिनों में अन्य प्रक्रिया पूरी होने के बाद इससे जांच शुरू होने की उम्मीद है।

मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर ब्लड सेल काउंटर सहित अन्य जांच की सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा करीब 38 करोड़ की लागत से सीबीसी मशीन खरीदी गई थी। बाद में यह पता चला कि खरीदी का यह मामला एक बड़े घोटाले का हिस्सा था। मामला खुलने के बाद मोक्षित कार्पोरेशन की मशीनें लॉक कर दी गई थी, वहीं संबंधित प्रोडक्ट का रीएजेंट नहीं मिलने की वजह से उसके माध्यम से जांच भी प्रभावित हो गया था। करीब दो साल तक कंडम पड़े इस मशीन को जनहित में उपयोग करने की योजना बनाई गई थी। बकायदा सीजीएमएससी द्वारा संबंधित कंपनी के नाम और मॉडल के आधार पर इसके रख रखाव और रीएजेंट लिए टेंडर जारी किया गया था। लंबी प्रक्रिया और दावा-आपत्ति के बाद मामले में दिल्ली की एक कंपनी मेसर्स वेंगगार्ड डायग्नोसिस कंपनी को विभिन्न मापदंडों पर सही पाया गया था। कंपनी द्वारा भी इन मशीनों के मेंटेनेंस और रीएजेंट सहित अन्य सामग्री की सप्लाई के लिए राजी हो गई थी। महीनेभर तक प्रक्रिया रुकी रही।

## घोटाला खुलने के बाद करीब दो साल से लॉक हैं मशीनें, रीएजेंट का भी है टोटा

### हो रही अन्य चर्चा

इन मशीनों को उपयोग में लाने की मंशा के साथ सीजीएमएससी द्वारा जारी किए गए टेंडर को लेकर भी विभिन्न तरह की चर्चाएं होती रही हैं। टेंडर जारी होने के दौरान यह भी आरोप लगाया जाता रहा कि मशीन की आड़ में कमीशन का नया खेल करने की कोशिश की जा रही है। इसके साथ ही यह भी तर्क दिया गया है कि स्वास्थ्य विभाग के इस बड़े घोटाले में यह मशीनें जांच का हिस्सा है, इसलिए इनका उपयोग करना ठीक नहीं है। दूसरी ओर अधिकारिक वर्ग का तर्क है कि मशीन शुरू होने से इससे होने वाली जांच का लाभ मरीजों को ही मिलेगा।



रीएजेंट घोटाला, कमलकांत भाटनवार, बसंत कौशिक, क्षिरौंद्र रावटिया से हुई पूछताछ

ईओडब्लू ने अफसरों से पूछा- बिना पड़ताल कैसे दी रीएजेंट, उपकरण खरीदी की सहमति

ईओडब्लू की एफआईआर, हरिभूमि ने किया था उसका खुलासा सिलसिलेवार

### शीघ्र शुरू होने की संभावना

मशीनों के मेंटनेंस और रीएजेंट की उपलब्धता के लिए एजेंसी तय की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मशीनों के जनहित में शीघ्र शुरू होने की संभावना है। *- रितेश अग्रवाल, एमडी, सीजीएमएससी*

### प्राथमिक स्तर के हेल्थ सेंटरों तक सप्लाई

इन मशीनों की सप्लाई प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों तक की गई थी। सीबीसी मशीनों के साथ कंपनी ने अपने केमिकल और रीएजेंट भी उपलब्ध कराया था। कुछ समय तक इससे जांच भी हुई इस दौरान विभाग द्वारा संदेह के आधार पर कंपनी का भुगतान रोकना शुरु किया। इसके बाद मोक्षित कार्पोरेशन ने रीएजेंट सहित कंज्युमेबल्स की सप्लाई रोकी और उनके कर्मचारियों ने हेल्थ सेंटरों में जाकर मशीनों को विशेष कोड के माध्यम से लॉक कर दिया। इससे खोलने विभागीय स्तर पर हुआ प्रयास भी सफल नहीं हुआ।

# ढाई साल बाद पुराना एसपी दफ्तर ढहाने का काम शुरू

इसी जगह अब बनेगी 5 मंजिल कंपोजिट कलेक्टोरेट बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





राजधानी के कलेक्टोरेट परिसर में बने अंग्रेजों के जमाने का एसएसपी कार्यालय भवन को तोड़ने का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग इस भवन को तोड़ने के लिए ढाई साल से इंतजार कर रहा था।

कार्यालय की शिफ्टिंग नहीं होने के कारण भवन को तोड़ा नहीं जा रहा था, लेकिन जैसे ही कार्यालय की शिफ्टिंग हुई, इस भवन को तोड़ने का काम भी शुरू हो गया। एसएसपी कार्यालय भवन को तोड़ने के बाद यहां पांच मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू होगा। इस बिल्डिंग के निर्माण के लिए तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में स्वीकृति दी गई थी, लेकिन एसएसपी कार्यालय की शिफ्टिंग सहित अन्य कई कारण से प्रस्तावित कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण भी अटका हुआ था।

***पुराना संभाग आयुक्त भवन में एसएसपी भवन शिफ्ट :*** एसएसपी कार्यालय को संभाग आयुक्त कार्यालय के पुराने भवन में शिफ्ट किया गया है। संभाग आयुक्त कार्यालय पहले ही नए भवन में शिफ्ट हो चुका है। इस कार्यालय की शिफ्टिंग के बाद ही एसएसपी कार्यालय को पुराना संभाग आयुक्त कार्यालय में शिफ्ट किया गया है। हालांकि शिफ्टिंग से पहले पुराना आयुक्त भवन का रेनोवेशन किया गया है। एसएसपी कार्यालय के कमरे से लेकर अन्य अफसरों के कमरों में नया फर्नीचर लगाया गया है।

### अलग-अलग एंट्री-एक्जिट गेट

जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के भवन जाने-आने के लिए सभी के लिए अलग-अलग एंट्री-निकासी गेट बनाए जाएंगे। कलेक्टर और एसएसपी तथा विभागीय स्टॉफ के अलग-अलग एंट्री-एक्जिट गेट रहेंगे, वहीं कलेक्टोरेट-एसपी बिल्डिंग के बीच मुख्य एंट्री गेट रहेगा, जिससे आम लोग आना-जाना करेंगे।

### कई विभागों के दफ्तर होंगे शिफ्ट

कलेक्टोरेट में वर्तमान में लगभग दर्जनभर मुख्य विभागों के कार्यालय संचालित हो रहे हैं, जबकि 50 से अधिक विभाग अभी भी अलग-अलग जगहों पर संचालित हो रहे हैं। सभी विभाग एक जगह नहीं होने की वजह से लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए भी कई जगहों पर जाना पड़ता है। नई बिल्डिंग बनने के बाद संभावना जताई जा रही है कि दूसरी जगहों पर संचालित कई विभागों के कार्यालय इसी बिल्डिंग में शिफ्ट किए जाएंगे।

### दो हिस्सों में बंटेगी बिल्डिंग

5 मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग दो हिस्सों में बंटेगी। इसमें एक तरफ कलेक्टोरेट और दूसरी तरफ एसपी कार्यालय के दफ्तर संचालित होंगे। नई बिल्डिंग का निर्माण कुल 2555 वर्गमीटर एरिया में होगा। इसमें जिला प्रशासन 582.00 वर्गमीटर और पुलिस प्रशासन का हिस्सा 800 वर्गमीटर है। इस बिल्डिंग में अफसरों के दफ्तर 134 वर्गमीटर एरिया में बनाए जाएंगे।

### तोड़फोड़ के कारण एसएसपी भवन के चारों तरफ टिन की चादर से घेराबंदी

एसएसपी भवन को तोड़फोड़ के बाद यहां कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके मद्देनजर एसएसपी भवन के चारों तरफ सुरक्षा की दृष्टि से टिन की चादरों से घेराबंदी कर दी गई है। घेराबंदी किए जाने के बाद आम लोगों का एसएसपी भवन परिसर में आवागमन भी बंद हो गया है।

### ढाई साल बाद 10-20 प्रतिशत लागत बढ़ने की संभावना

कलेक्टोरेट की नई हाईटेक कंपोजिट बिल्डिंग के लिए ढाई साल पूर्व 29 करोड़ 15 लाख 24 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस स्वीकृत राशि के अनुसार ही पीडब्ल्यूडी विभाग ने टेंडर निकालकर इसका ठेका एजेंसी को दिया है। इस तरह ढाई साल बाद अब जाकर इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू होगा। विभागीय सूत्रों का कहना है कि लागत की राशि 10 से 20 प्रतिशत बढ़ सकती है। सूत्रों का कहना है कि सालभर में कोई भी कंस्ट्रक्शन के कार्य में कम से कम 5 से 10 प्रतिशत तक राशि बढ़ती है। ऐसे में ढाई साल बाद शुरू होने पर कंपोजिट बिल्डिंग की राशि भी बढ़ सकती है।

# दैनिक जीवन में गणित का इस्तेमाल सीखेंगे विवि के छात्र, दिलचस्पी बढ़ाने प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- विश्वविद्यालयों से नए ड्राफ्ट पर मांगे गए सुझाव, इसके आधार पर नए सत्र का सिलेबस

विश्वविद्यालयीन और महाविद्यालयीन छात्रों में गणित को लेकर दिलचस्पी बढ़ाने नए प्रयोग किए जाएंगे। इसके लिए विशेष सिलेबस तैयार किया जाएगा। इसके माध्यम से गणित को दैनिक जीवन में जोड़ने की कोशिश की जाएगी। छात्र रोजमर्रा के कामों में गणित के इस्तेमाल के तरीके सीखेंगे। इसके लिए यूजीसी ने नया ड्राफ्ट तैयार किया है। स्नातक स्तर पर यह प्रयोग किया जा रहा है। यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों से जल्द से जल्द इस ड्राफ्ट पर उनकी राय मांगी है, ताकि अगले सत्र से इसे विश्वविद्यालयों में लागू किया जा सके। यूजीसी का मानना है कि गणित के इस नये ड्राफ्ट से छात्रों में गणित के प्रति रुचि और भी बढ़ेगी। स्कूली छात्रों के बाद अब महाविद्यालयीन छात्रों में भी गणित के प्रति दिलचस्पी तेजी के साथ घटी है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में राजधानी के शीर्ष महाविद्यालयों में भी बीएससी बायो की सीटें शुरुआती चरण में ही भर गई थीं, जबकि बीएससी गणित की सीटें आखिरी चरण तक रिक्त रह गई थीं। ना केवल रायपुर, बल्कि प्रदेश के अन्य जिलों के महाविद्यालयों में भी यही स्थिति रही। छात्रों की घटती रुचि को देखते हुए यह नया प्रयोग किया जा रहा है।

### बीएड में बहुभाषिकता होगी लागू

गणित के लिए तैयार किए गए नए सिलेबस में भारतीय गणितज्ञों आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्ता, महावीर, भास्कर, लीलावती के बारे में बताया जाएगा। रामानुज और प्राचीन भारत के गणना तंत्र को भी पढ़ाया जाएगा। यूजीसी का मनना है कि इस नए प्रारूप से छात्रों को काफी लाभ होगा। यूजीसी के नये ड्राफ्ट में छात्र को गणित का इतिहास भी पढ़ाया जाएगा। इसके अलावा शुल्व सूत्र भी छात्र पढ़ेंगे। इस संदर्भ में पूर्व में ही निर्णय लिए जा चुके हैं। गणित के अलावा बीएड में बहुभाषिकता लागू करने का यूजीसी ने निर्देश दिया है। इससे छात्रों को दो भाषाओं को सीखने का मौका मिलेगा। इस दिशा में भी कार्य किए जा रहे हैं।

### दिसंबर सेशन के शेड्यूल जारी

यूजीसी नेट के दिसंबर सेशन के शेड्यूल यूजीसी ने जारी कर दिए हैं। विषयवार इसे जारी किया गया है। यह परीक्षा 31 दिसंबर से शुरू होकर जनवरी के पहले हफ्ते तक चलेगी। यह परीक्षा देशभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कंप्यूटर आधारित टेस्ट मोड में आयोजित होगी। परीक्षा हर दिन दो शिफ्ट में कराई जाएगी। पहली शिफ्ट सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी। 80 से अधिक विषय परीक्षा सूची में शामिल हैं।


## बिजनेस साइट

### लाखे नगर में डिज़्नीलैंड मेले की धूम



रायपुर। लाखे नगर स्थित हिन्द स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित डिज़्नीलैंड मनोरंजन मेला राजधानीवासियों के बीच खासा लोकप्रिय हो रहा है। मेले में इंडोनेशिया और रूस से आईं आकर्षक जलपरियां (मरमेड शो) दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण बनी हुई हैं। अपने अद्भुत सौंदर्य, जीवंत अदाओं और मनमोहक प्रस्तुतियों से ये कलाकार बच्चों से लेकर बड़ों तक को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। मरमेड शो को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में दर्शक एकत्र हो रहे हैं, जिससे यह शो मेले की पहचान बनता जा रहा है। फन जोन में लगाए गए आधुनिक और रोमांचक झूलों में स्क्रीम टॉवर और जायंट फ्रिस्बी खास आकर्षण बने हुए हैं। इसके अलावा ब्रेक डांस, कोलंबस, जायंट व्हील, डैशिंग कार, ड्रैगन झूला, एरोप्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला और मिकी माउस जैसे अनेक मनोरंजक साधन दर्शकों को खूब लुभा रहे हैं। खरीदारी के शौकीनों के लिए मेले में भरपूर विकल्प मौजूद हैं। यहां शोपीस, फर्नीचर, होम एप्लायंसेस, टेराकोटा उत्पादों के साथ-साथ एक विशेष क्राफ्ट बाजार सेक्शन तैयार किया गया है। इस सेक्शन में देश के विभिन्न प्रांतों से आए बुनकरों और कारीगरों द्वारा तैयार हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाइफस्टाइल प्रोडक्ट्स, होम डेकोर, फर्नीचर और एक्सेसरीज़ की आकर्षक रेंज किफायती दामों पर उपलब्ध है।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का तीसरा वार्षिक समारोह 'कल्पदक्ष'




रायपुर। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, रायपुर ने अपने परिसर में अपना तीसरा वार्षिक समारोह 'कल्पदक्ष' मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। श्री अजय चंद्राकर जी, विधायक, कुरूद मुख्य अतिथि थे और श्री मोतीलाल साहू जी, विधायक, रायपुर ग्रामीण विशिष्ट अतिथि थे।

छात्रों ने जोहर की कहानी, वेस्टर्न बनाम क्लासिकल बैटल, डीडब्लूपीएस सर्कस डांस, जंगल थीम डांस और भांगड़ा डांस जैसे शानदार प्रदर्शन किए। स्कूल के म्यूजिक कोयर ने अपने गीतों और संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नरसिंह डांस और कांतारा डांस था। श्रीमती भवानी राव ने स्वागत भाषण दिया। प्रिंसिपल, श्री विनोद पांडे ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने अकादमिक, खेल और विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्कूल कमेटी के सामूहिक प्रयासों में अपनी दृढ़ विश्वास को दोहराते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में सच्चाई और निरंतर विकास के साथ और भी अधिक उपलब्धियां हासिल होंगी।

### नवरस अनुपम प्रस्तुति बना भास्कर पब्लिक स्कूल



रायपुर। भास्कर पब्लिक स्कूल, करन नगर, चंगोराभाठा में ,पवार सभा भवन, चंगोराभाठा में आयोजित वार्षिक समारोह एक विशिष्ट और भावनात्मक सांस्कृतिक अनुभव के रूप में संपन्न हुआ। इस वर्ष का वार्षिक समारोह "नवरस" की अवधारणा पर आधारित था, जिसमें विद्यार्थियों ने मानव जीवन की नौ भावनाओं को नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही "ऑपरेशन सिंदूर" पर आधारित देशभक्ति प्रस्तुति, जिसमें साहस, बलिदान और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रभावशाली रूप से मंचित किया गया। वहीं "माँ-एक शब्द, एहसास हजार" नाट्य प्रस्तुति ने मातृत्व के भाव को गहराई से दर्शाते हुए दर्शकों को भावुक कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका (Director) श्रीमती ए. वी. प्रतिभा की मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री सुनील सोनी जी, विधायक, उपस्थित रहे।


## निवेश में मुनाफे का झांसा एचपीसीएल के मैनेजर से साढ़े 33 लाख की ठगी

रायपुर। मंदिर हसौद थाने में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी (एचपीसीएल) के मैनेजर ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ इन्वेस्टमेंट में भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर 33 लाख 59 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सड्डू स्थित राजधानी विहार कॉलोनी निवासी वेदप्रकाश बघेल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। वेदप्रकाश ने पुलिस को बताया कि अज्ञात जालसाजों ने उनके टेलीग्राम आईडी के माध्यम से संपर्क किया तथा इंवेस्टमेंट प्लेटफार्म में निवेश करने से भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर ऑनलाइन निवेश करने प्रेरित किया। जालसाजों ने एचपीसीएल के मैनेजर से 20 अक्टूबर से 27 नवंबर 2025 के बीच अलग-अलग बैंकों के खातों में किस्तों में 34 लाख 49 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराए। शुरुआत में विश्वास दिलाने के लिए जालसाजों ने मुनाफे के नाम पर दो किस्तों में 89 हजार 250 रुपए वापस भी किए, लेकिन इसके बाद मूल राशि और लाभ लौटाने से इंकार कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो उन्हें बैंक क्रेडिट स्कोर खराब होने का बहाना बनाकर और अधिक रकम जमा करने का दबाव बनाया गया। ठगी का एहसास होने पर वेदप्रकाश ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर मंदिर हसौद थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

# पूर्व सीएम बघेल ने सरकार की नीति और मंशा पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- धान खरीदी, धर्मांतरण झीरम और एसआईआर पर भूपेश का हमला, केंद्र और राज्य सरकार को घेरा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों, महिलाओं और आम जनता से जुड़े मुद्दों पर राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा, प्रदेशभर से धान खरीदी में गड़बड़ियों की शिकायतें मिल रही हैं। एग्रीस्टेक में पंजीयन नहीं होने से हजारों किसानों का लाखों हेक्टेयर रकबा कट गया है। वनग्राम और पट्टाधारी किसानों का धान नहीं खरीदा जा रहा। उन्होंने राज्य सरकार की नीति और मंशा पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा, सरकार जानबूझकर रकबा घटाने की कोशिश कर रही है और हजारों किसानों से धान का समर्पण कराया गया है। आरओ नहीं कटने के कारण धान का उठाव नहीं हो पा रहा। भूपेश बघेल ने मांग की है कि किसानों और सभी राजनीतिक दलों की मौजूदगी में धान खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन कराया जाए। उनका दावा है कि हर केंद्र से कम से कम 500 कट्टा अतिरिक्त धान निकलेगा, क्योंकि किसानों का एक किलो तक अतिरिक्त धान तौला जा रहा है।

### कांकेर धर्मांतरण मामले में राजनीति न हो

कांकेर में धर्मांतरण के मुद्दे पर हुए बंद और चैंबर ऑफ कॉमर्स के समर्थन को लेकर भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस जबरिया धर्मांतरण के बिल्कुल खिलाफ है। इसमें किसी तरह का संदेह नहीं होना चाहिए, लेकिन इस मुद्दे पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए। सर्व समाज का बंद और चैंबर का समर्थन यूं ही नहीं है, इसके पीछे भी कारण हैं। बंद 24 घंटे का हो या उससे अधिक, लेकिन असली मुद्दा समाधान का होना चाहिए।



### चैतन्य बघेल चार्जशीट पर सवाल

चैतन्य बघेल के खिलाफ कोर्ट में पेश चार्जशीट को लेकर उन्होंने कहा, छह सप्लीमेंट्री चार्जशीट में उनका नाम नहीं था और अब अचानक सेंसेशन पैदा करने की कोशिश की जा रही है। किसी और के व्हाट्सएप चैट और पप्पू बंसल के बयान को आधार बनाया जा रहा है। पप्पू बंसल फरार है या गिरफ्तार, यह स्पष्ट नहीं किया जा रहा और चालान में उसका बयान भी शामिल नहीं है। उन्होंने कहा, सीडी कांड में भी उन्हें इसी तरह बदनाम किया गया था।

### महतारी गौरव वर्ष पर सवाल महिला योजनाओं का जिक्र

राज्य सरकार द्वारा अगले वर्ष को महतारी गौरव वर्ष घोषित किए जाने पर उन्होंने कहा, पहले यह बताया जाए कि महतारी के साथ सरकार का व्यवहार कैसा है। राशन कार्ड से 30 लाख महिलाओं के नाम काट दिए गए हैं। गोधन न्याय योजना और रीपा बंद हो चुकी हैं, बिहान की हालत भी खराब है और स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार बढ़ेंगे।

### झीरम घाटी कांड, भाजपा पर नक्सली साठगांठ का आरोप

जेपी नड्डा के झीरम घाटी कांड पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए भूपेश बघेल ने कहा, नक्सलियों से साठगांठ भाजपा की रही है। एकात्म परिसर में नक्सली लेवी मांगने आते थे, यह बात भाजपा भूल गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि एनआईए को ठीक से जांच क्यों नहीं करने दी गयी, इसका जवाब नड्डा को देना चाहिए।

## पेज 13 के शेष ...

### सरकारी अस्पतालों में ही ...

पर परिजनों से जमकर वसूली कर रहे हैं। इन अस्पतालों में इलाज के नाम पर विभिन्न बहानों से अतिरिक्त राशि लेने की शिकायत तो आए दिन आती रहती है, मगर ज्यादातर को अनसुना कर दिया जाता है। आंकड़ों की मानें, तो राज्य में दिसंबर 2024 से लेकर अब तक प्रदेश में 31 अस्पतालों के खिलाफ इलाज में लापरवाही अथवा अतिरिक्त रकम वसूली की शिकायत हुई। इनमें से 22 शिकायत जांच के नाम पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्तर पर डंप कर दी गई।

11 शिकायतों को जांच के दौरान झूठा करार दिया गया। इस दौरान दो अस्पतालों का पंजीयन योजना से निरस्त किया गया और 2 हास्पिटलों को 3-3 माह के लिए योजना से निलंबित किया गया। 4 प्रकरण में फरियादी को अतिरिक्त राशि वापस कराई गई। 3 शिकायतों पर चेतावनी जारी हुई और 2 प्रकरणों में समझौता के बाद शिकायत वापस ली गयी।

### ड्रग सप्लायर समेत पांच...

कर लाए थे। पुलिस ने पराग बरछा उर्फ रघु, शुभम राजू धावड़े, अमन शर्मा, शुभम सिंघनापुरे उर्फ आर्यन तथा एक किशोरी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने कैश 20 हजार रुपए भी जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों तक एमडीएमए की खेप नागपुर के रास्ते पहुंची थी।

### शहर में 12 डिग्री के टेंप्रेचर ...

शहर में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जा रहा, इसके बाद भी यहां ठंड का खासा असर है। शहर के चार-पांच किमी बाहर तापमान दस डिग्री से नीचे जा रहा है, जिससे वहां के लोगों को कंपकंपी छूट रही है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य का सबसे कम तापमान 5.6 अंबिकापुर का दर्ज किया गया। इससे आगे यानी उत्तरी सीमा से सटे क्षेत्रों में तो पारा दो से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच रिकार्ड किया गया। मैदानी इलाकों में दुर्ग जिले के कई इलाकों में ठंड ने असर दिखाया और वहां शीतलहर का प्रकोप रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले तीन दिनों तक ठंड बढ़ते क्रम में महसूस होगी और राज्य के कई इलाकों में शीतलहर की स्थिति बन सकती है।

### मेडिकल पीजी प्रवेश ...

प्रक्रिया में प्रथम दौर की आबंटन सूची जारी कर दी गई है। यह फैसला अभ्यर्थियों के शैक्षणिक हितों और चिकित्सा परामर्श समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित अनिवार्य समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मंगलवार को जारी की गई सूची में 273 अभ्यर्थियों को शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों की सीटें अलॉट की गई हैं। पहले राउंड में दस्तावेजों की जांच और प्रवेश की प्रक्रिया 24 से 28 दिसंबर तक पूरी की जाएगी। सीटों का आबंटन करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने संशोधित नियम का पालन किया है। इसमें राज्य की कोटे पचास फीसदी सीट इंस्टिट्यूशनल कोटा और पचास प्रतिशत सीट ओपन मेरिट के आधार भरी जाएंगी। राज्य काउंसिलिंग समिति ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान काउंसिलिंग प्रक्रिया एवं इसके अंतर्गत किए गए सभी सीट आबंटन उक्त रिट याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। साथ ही, सभी संबंधित हितधारकों एवं अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे राज्य काउंसलिंग समिति द्वारा समय-समय पर जारी की जाने वाली आधिकारिक सूचनाओं पर सतत रूप से नजर बनाए रखें।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात, किया स्वागत



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के छत्तीसगढ़ दौरे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, समाजसेवी एवं भाजपा की वरिष्ठ सदस्य शारदा सिंह सहित प्रदेश के पदाधिकारियों ने श्री नड्डा से शिष्टाचार भेंट एवं मुलाकात की।

### सोनकर समाज का परिचय सम्मेलन, वरिष्ठजनों का किया सम्मान



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ ही आदर्श विवाह और समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में देशभर के 4 हजार समाजजन शामिल हुए। इस दौरान लगभग 150 वरिष्ठजनों का सम्मान समाज की ओर से गमछा और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम बालोद जिले के नेवारीकला में मंगलवार को हुआ। समाजजनों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज की संचालित सभी संस्थाओं के आय-व्यय का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन किया गया। कार्यक्रम में चेतन सोनकर, डॉ. भीषम सोनकर, मुकेश सोनकर, शारदा प्रसाद सोनकर समेत बड़ी संख्या में समाजजन शामिल रहे।

### अनुवादक भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा उच्च न्यायालय के अंतर्गत अनुवादक पदों के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। 14 दिसंबर को यह परीक्षा आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर सप्रमाण दावा-आपत्ति 29 दिसंबर तक कर सकते हैं। पोर्टल पर दावा-आपत्ति हेतु अभ्यर्थी को अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड डालकर प्रोफाइल में लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा-आपत्ति दर्ज करानी होगी।

### पीडब्लूडी के एक ईई और दो एसडीओ का निलंबन

**रायपुर।** जीरो टॉलरेंस की नीति पर अमल करते हुए राज्य शासन ने भ्रष्टाचार में संलिप्तता और गिरफ्तारी पर लोक निर्माण विभाग के एक ईई और दो एसडीओ को निलंबित कर दिया है। विभाग ने बीजापुर के नेलसनार-कोडोली-मिरतुल-गंगालुर मार्ग के निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार के संबंध में गंगालूर थाने में अपराध पंजीबद्ध होने के बाद विवेचना के दौरान प्रकरण में संलिप्तता पर लोक निर्माण विभाग के संभाग सुकमा के कार्यपालन अभियंता हरनारायण पात्र, उपसंभाग क्रमांक-1 बीजापुर के अनुविभागीय अधिकारी प्रमोद सिंह तंवर और सेतु उपसंभाग जगदलपुर के अनुविभागीय अधिकारी संतोष दास को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# नए टैरिफ के लिए साल के अंतिम दिन लगेगी याचिका, पॉवर कंपनी लेखा-जोखा बनाने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नए सत्र 2026-27 के लिए बिजली का नया टैरिफ तय करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को याचिका दायर करेगी। इस याचिका में कंपनी बताएगी कि नए सत्र में उसे बिजली बेचने से कितना राजस्व मिलेगा और कितना खर्च होगा। इसी के साथ पुराना राजस्व कम होगा, तो उसकी भी पूरी जानकारी देकर कंपनी बताएगी कि कंपनी को कुल कितने राजस्व की जरूरत है। इसके बाद आयोग समीक्षा करके तय करेगा कि वास्तव में कंपनी को कितने राजस्व की जरूरत है, उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा।

## पॉवर कंपनी ने मांगा है आयोग से 31 दिसंबर तक का समय

### पांच हजार करोड़ के घाटे को माना था पांच सौ करोड़

चल रहे वित्तीय वर्ष की बात करें तो पॉवर कंपनी ने नियामक आयोग में जो याचिका लगाई थी, उसमें करीब पांच हजार का घाटा बताया था, लेकिन आयोग ने इसको पांच सौ करोड़ माना था। कंपनी द्वारा मांग की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता 28397.64 करोड़ रुपए के स्थान पर 25636.38 करोड़ रुपए मान्य किया गया था। वितरण कंपनी द्वारा इस वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित विद्युत विक्रय 35727 मिलियन यूनिट के स्थान पर 36540 मिलियन यूनिट मान्य की गई थी। इसी तरह वितरण कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत की अनुमानित बिक्री पर प्रचलित टैरिफ से अनुमानित 4947.41 करोड़ रुपए राजस्व घाटे के स्थान पर 523.43 करोड़ रुपए मान्य किया था। पॉवर कंपनी के घाटे को पूरा माना जाता तो दरें 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ती लेकिन आयोग के घाटा पांच सौ करोड़ माना था इसलिए दरें दो फीसदी से भी कम बढ़ाई गई थी।



### हो रहा है लेखा-जोखा तैयार

पॉवर कंपनी अपनी तरफ से यह नहीं बताती है कि टैरिफ में कितने फीसदी का इजाफा करना है। पॉवर कंपनी अपने लेखा-जोखा में बताती है कि उसे कितने यूनिट बिजली बिकने का अनुमान है और इससे कितना राजस्व मिलेगा। इसी के साथ पॉवर कंपनी अपना खर्च बताते हुए यह बताती है कि उसे कितने का फायदा होगा। अगर कंपनी का पुराना घाटा रहता है तो उसे बताया जाता है। आमतौर पर कंपनी का पुराना घाटा ही फायदे से ज्यादा रहता है। ऐसे में पुराने घाटे के कारण ही ज्यादा राजस्व की जरूरत होने के बिजली ही कीमत में इजाफा होता है। वैसे कभी भी आयोग पॉवर कंपनी के बताए लेखा-जोखा को पूरी तरह से मान्य नहीं करता है। कंपनी के बताए लेखा-जोखा की पूरी समीक्षा करने के बाद आयोग तय करता है कि वास्तव में क्या स्थिति बन रही है।

नियमों के मुताबिक पॉवर कंपनी को दिसंबर में नए सत्र के टैरिफ के लिए याचिका लगानी रहती है। इस बार अब तक याचिका नहीं लग सकी है। बिजली नियामक आयोग के अधिकारियों के मुताबिक पॉवर कंपनी ने 31 दिसंबर तक का समय मांगा है। इस दिन तक याचिका दायर हो जाएगी।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा सबूत दें या अपने बयान के लिए माफी मांगें

# कांग्रेस ने कहा- नड्डा ने स्तरहीन बयान देकर झीरम के शहीदों का किया अपमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भाजपा अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा द्वारा झीरम हमले के संबध में दिये गये बयान पर झीरम हमले के प्रभावितों ने राजीव भवन में नड्डा पर हमला बोला। प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू ने कहा, झीरम में नड्डा का बयान आपत्तिजनक है तथा नड्डा के बयान के लिये उनका नार्को टेस्ट किया जाना चाहिये। मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह, मुकेश गुप्ता का भी नार्को टेस्ट होना चाहिये, ताकि हकीकत सामन आये। नड्डा ने शहीदों का अपमान किया है।

उन्होंने कहा, जेपी नड्डा ने राजनीतिक बयानबाजी के लिए सारी मर्यादा को तार-तार किया है। कांग्रेस ने झीरम हमले में अपने नेताओं की पूरी एक पीढ़ी को खोया है और उस समय राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी। भाजपा केंद्र में पिछले बारह साल से सरकार में है। एनआईए ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह से पूछताछ क्यों नहीं की? रमन सिंह का नार्को टेस्ट करवा लिया जाए झीरम का पूरा सच सामने आ जायेगा। क्यों एनआईए आज तक झीरम हमले के दोषियों तक नहीं पहुंच पायी? जेपी नड्डा इस प्रकार का बयान दे रहे हैं, उनके पास तथ्यात्मक आधार क्या है, एनआईए को उनसे पूछताछ करनी चाहिए। जीरम प्रभावित शिव सिंह ठाकुर ने कहा, भाजपा की तत्कालीन सरकार ने जानबूझकर कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा नहीं दी थी। भाजपा के इशारे पर ही सुरक्षा हटाई गयी थी तथा कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर हमला हुआ था।




### भाजपा का पलटवार, झीरम हमले के बाद कांग्रेस के लोग अपनों पर संदेह कर रहे- डॉ. मिश्रा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने झीरम घाटी हमले में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के कथन को सत्य बताते हुए कहा, भाजपा पूरी तरह अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कथन के पक्ष में खड़ी है। उन्होंने संवाददताओं से चर्चा करते हुए कहा, झीरम हमले के बाद कांग्रेस के लोग अपने ही नेताओं पर संदेह कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस और नक्सलियों के दोस्ताना रिश्तों को लेकर भाजपा का एकदम साफ रुख रहा है।

### नड्डा के पास साक्ष्य है तो पुलिस को दें- अनिता

पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने कहा, हमारे जख्मों पर नमक छिड़क कर उनकी सरकार ने जीरम की जांच को रोक रखा है। नड्डा स्तरहीन बयान दे रहे, वे केन्द्रीय मंत्री हैं, उन्होंने संविधान की शपथ ली है, उनके पास साक्ष्य है, तो उसे जिम्मेदार एजेंसी पुलिस को साक्ष्य देना चाहिये। वे स्तरहीन बयान दे रहे, हमने अपना सर्वस्व खोया है, वे हमारे ऊपर ही आरोप लगा रहे हैं। उनके बयानों के आधार पर उनसे पूछताछ की जाये। जो भी आरोपी हों उनकी गिरफ्तारी की जानी चाहिये।

### सच रोकने भाजपा ने किया ऐसा षड्यंत्र- सुशील

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा ने झीरम का सच रोकने कदम-कदम पर षड़यंत्र किया। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद झीरम हमले की जांच के लिये एसआईटी का गठन किया था, लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने एनआईए से झीरम की फाइल एसआईटी को नहीं देने दी। एनआईए को हाईकोर्ट ने भी राज्य की एसआईटी को फाइल देने का आदेश दिया, तब एनआईए सुप्रीम कोर्ट अपील में चली गई, पांच साल की अदालती लड़ाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2023 को एनआईए की अपील खारिज करते हुये कहा, छत्तीसगढ़ सरकार की एसआईटी झीरम मामले की जांच कर सकती है, एनआईए फाइल वापस करे। सुप्रीम कोर्ट के फैसला आने तक राज्य में सरकार बदल गयी थी। कांग्रेस मांग करती है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा गठित एसआईटी के द्वारा मामले के षड़यंत्रों की जांच शुरू करें।

# युवक की अधजली लाश मिलने से मचा हड़कंप

## मृतक की अब तक शिनाख्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लगातार चाकूबाजी के साथ हत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं। विधानसभा थाना क्षेत्र के छतौना गांव में मंगलवार को एक युवक की अधजली लाश मिलने से हड़कंप मच गया। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 10 दिन के भीतर हत्या की यह आठवीं वारदात है। माना थाना क्षेत्र के नकटी गांव में ब्लू वाटर मे मिली लाश की पुलिस अब तक शिनाख्त नहीं कर पाई है। इसी तरह विधानसभा थाना क्षेत्र में मिली लाश की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस के अनुसार छतौना गांव के एक खेत में युवक की अधजली लाश मिली है। मृतक के चेहरे, सिर तथा कमर पर चोट के निशान मिले हैं। मृतक की उम्र 25 वर्ष के करीब होने का अंदाजा लगाया जा रहा है। पुलिस को राह चलते लोगों से खेत में लाश मिलने की सूचना मिली। मौके पर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम जांच करने के लिए पहुंची थी। मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी रिपोर्ट की जानकारी एकत्र कर रही है।

### हत्या के बाद लाश ठिकाने लगाने की आशंका

घटनास्थल की जांच करने के बाद पुलिस ने किसी दूसरी जगह युवक की हत्या कर लाश ठिकाने लगाने की आशंका व्यक्त की है। पुलिस के अनुसार लाश ठिकाने लगाने के बाद हत्यारों ने साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को जलाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। पुलिस को घटना में एक से ज्यादा आरोपियों के शामिल होने की आशंका है।

### ब्लू वाटर में मिली लाश महिला या पुरुष, अब तक स्पष्ट नहीं

माना थाना क्षेत्र के नकटी गांव स्थित ब्लू वाटर में बगैर सिर तथा अंग-भंग मिली लाश की गुत्थी पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। इसके साथ ही मृतक महिला है या पुरुष, पुलिस इस संबंध में अब तक जानकारी नहीं जुटा पाई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारण के साथ मृतक महिला है या पुरुष, बता पाने की बात कह रही है। मौके पर पहुंची डाग स्क्वायड की टीम को कोई सफलता नहीं मिली। साथ ही मृतक के गायब सिर तथा अन्य अंगों की पुलिस अब तक तलाश नहीं कर पाई है।

# साहित्यकार शुक्ल का पार्थिव शरीर आज पंचतत्व में होगा विलीन, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हिंदी साहित्य को अपनी सादगी, मानवीय संवेदना और अनकहे भावों से समृद्ध करने वाले ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात कवि, कथाकार और उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल का 88 वर्ष की लंबी बीमारी के बाद शाम को एम्स अस्पताल में निधन हो गया। निधन के बाद टैगोर नगर स्थित उनके निज निवास पर उनका पार्थिव देह लाया गया। दिवंगत साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का अंतिम संस्कार बुधवार सुबह 11 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम में होगा।

कुछ दिन पहले ही उन्हें देश के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत किया गया था। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे विनोद कुमार शुक्ल का उपचार रायपुर के एम्स में चल रहा था। उनके निधन से न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि संपूर्ण देश का साहित्य जगत शोकाकुल है। साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम विष्णु देव साय, पूर्व सीएम भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने शोक जताया है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों ने टैगोर नगर स्थित उनके निज निवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



### पीएम मोदी ने जताया दुख

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा है कि ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात लेखक विनोद कुमार शुक्ल के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। हिन्दी साहित्य जगत में अपने अमूल्य योगदान के लिए वे हमेशा स्मरणीय रहेंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांतिः।

### विनोद छत्तीसगढ़ के गौरव के रूप में हमेशा विद्यमान रहेंगे- साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने शोक संदेश में कहा, महान साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का निधन एक बड़ी क्षति है। नौकर की कमीज, दीवार में एक खिड़की रहती थी जैसी चर्चित कृतियों से साधारण जीवन को गरिमा देने वाले विनोद छत्तीसगढ़ के गौरव के रूप में हमेशा हम सबके हृदय में विद्यमान रहेंगे। संवेदनाओं से परिपूर्ण उनकी रचनाएं पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। उनके परिजन एवं पाठकों-प्रशंसकों को हार्दिक संवेदना।

### राजकीय शोक घोषित करें- भूपेश

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से अनुरोध करता हूं कि स्व. विनोद कुमार शुक्ल जी के निधन पर तत्काल राजकीय शोक घोषित करें, प्रदेश में इस दौरान किसी भी प्रकार के उत्सव, महोत्सव को कुछ दिनों के लिए टाल दें, यह हम सबका साझा दुःख है। छत्तीसगढ़ की साहित्यिक धरोहर, ज्ञानपीठ सम्मान से अलंकृत, छत्तीसगढ़ के महान साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल जी का निधन अत्यंत दुःखद है।

### साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति- महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा, विनोदजी का जाना केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतीय साहित्य जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है, उन्होंने अपनी कालजयी रचनाओं से हमारी साहित्यिक धरोहर को समृद्ध किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, मैं ईश्वर से उनकी दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करता हूं। ईश्वर उनके परिवारजनों, उनके शुभचिंतकों एवं चाहने वालों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### खड़गे ने दी श्रद्धांजलि

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के निधन पर शोक जताया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा, हताशा को जानता था, इसलिए पास गया। मानवीय करुणा की ऐसी ही भाषा रचने वाले ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित साहित्यकार, उपन्यासकार व कथाकार, विनोद कुमार शुक्ल जी का निधन हिन्दी साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। 'नौकर की कमीज', 'दीवार में एक खिड़की रहती थी', 'लगभग जयहिंद' जैसी रचनाएं उन्हें हमारे बीच अमर रखेंगी। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

# बांग्लादेशी प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ शिवसेना के कार्यकर्ताओं द्वारा कालीबाड़ी चौक पर मंगलवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मो. युनूस का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश महासचिव संजय नाग ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसात्मक हमलों व नरसंहार की कड़ी निंदा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की है। आगे उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के कट्टरपंथियों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी हैं। बांग्लादेश के घुसपैठिए नाकाबिले बर्दाश्त हैं। अगस्त 2024 में शेख हसीना का शासनकाल समाप्त होने के बाद से हिंदुओं पर अत्याचार एवं हिंसक हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू युवक दीपू दास को बेरहमी से मारकर पेड़ पर लटकाकर निर्वस्त्र कर जलाने की घटना सामने आई है। पुतला दहन करने वालों में संजय नाग, संतोष शुक्ला, कृष्णा यादव, सूरज साहू, हिमांशु शर्मा, कमलाकर यादव, सुरेश तिवारी, विजय नाग, सांई प्रजापति, संजू साहू, अमर नायक, विक्की निर्मलकर, आकिब खान, जिगर प्रजापति, सूरज गुप्ता, महेन्द्र यादव, राहुल राजपूत, संतन रात्रे, जतिन, रोहित, आशु सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन



### छत्तीसगढ़ बंद आज, शिवसेना ने दिया समर्थन

छत्तीसगढ़ शिवसेना के पदाधिकारियों एक कार्यकर्ताओं की आपातकालीन बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में कांकेर जिले में आमाबेड़ा ईसाई मिशनरियों द्वारा स्थानीय जनजातीय समाज पर किए गए योजनाबद्ध हमले और स्थानीय प्रशासन के भेदभावपूर्ण रवैए पर गहरा रोष व्यक्त किया गया और सर्व समाज द्वारा 24 दिसंबर को छत्तीसगढ़ बंद के समर्थन में शिवसेना ने अपनी पूरी शक्ति झोंकने का निर्णय लिया है।

# शिक्षा विभाग में डीपीसी पर विवाद शिक्षक संघ ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षा संवर्ग के व्याख्याता पद पर पदोन्नति के लिए विभागीय प्रमोशन समिति (डीपीसी) की बैठक अपर संचालक आशुतोष चावरे की अध्यक्षता में आनन फानन में कर ली गई। समिति के पांच सदस्यों में तीन उपस्थित रहे, दो सदस्य शामिल नहीं हुए जिनको देर रात घर जाकर दबाव डालकर हस्ताक्षर करवाया गया। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी मामले के जांच की मांग की है।



सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने केवल एलबी संवर्ग शिक्षक से व्याख्याता पदोन्नति हेतु डीपीसी किया। बताया कि इससे ई संवर्ग के शिक्षकों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि शाम पांच बजे तक अधिकारियों ने डीपीसी अधूरी बताई वही अनुपस्थित सदस्यों से देर रात हस्ताक्षर कराए जाने के बाद पूरी बताया जाने लगा। श्री तिवारी ने बताया कि डीपीसी के दौरान शिक्षा विभाग के प्रभारी सहायक संचालक भी अनुपस्थित रहे। उनके स्थान पर ट्राइबल के सहायक संचालक से संचालन कराया गया। छत्तीसगढ़ विद्यालय शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल देवी प्रसाद ध्रुव, रोहित साहू, प्रकाश साहू, शत्रुघ्न प्रसाद यादव, नंदकुमार सिन्हा ने मंगलवार को विधि एवं स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, मुख्य सचिव विकास शील, शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी को ज्ञापन सौंप कर इस अवैधानिक डीपीसी को निरस्त करने की मांग की। उन्होंने ई संवर्ग एवं एलबी संवर्ग के शिक्षक को एक साथ शामिल कर नए सिरे से डीपीसी कराने की मांग की है।

### अफसरों की गुटीय लड़ाई का परिणाम

श्री तिवारी ने बताया कि यह देश की पहली डीपीसी होगी जिसमें पदोन्नति के दो घटकों में केवल एक घटक की डीपीसी की जा रही है। वहीं डीपीसी के सदस्यों से घर घर जा कर हस्ताक्षर कराए जा रहे है। डीपीसी के लिए वह वक्त चुना गया है जब सचिव स्कूल शिक्षा स्वयं दीर्घ अवकाश पर हैं और भारतीदासन लिंक अधिकारी हैं। यह पूरा खेल शिक्षा विभाग के विभागीय अधिकारियों द्वारा रायपुर, बलौदाबाजार जिले विभागीय परीक्षा से चयनित प्रधान पाठकों के भविष्य को चौपट करने और अधिकारियों के गुटीय लड़ाई का परिणाम मात्र है। उन्होंने शिक्षा संवर्ग (ई) के शिक्षकों से सड़क की लड़ाई के लिए तैयार कहा है।

# महापौर ने बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर निगम मुख्यालय भवन में महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को सभी जोन के अध्यक्षों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने शहर में सफाई सहित अन्य बुनियादी सुविधा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जोन अध्यक्षों को जोन स्तर पर सफाई, पेयजल आपूर्ति की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में सभी जोन अध्यक्षों ने अपने-अपने जोन क्षेत्र में रामकी कंपनी द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ियां की संख्या कम होने की जानकारी महापौर को दी। जोन अध्यक्षों ने जोन स्तर पर कचरा संग्रहण गाड़ियों की सख्या बढ़ाये जाने की मांग रखी। इस पर महापौर ने कंपनी प्रबंधन को गाड़ियों की समस्या सुनिश्चित करने एवं सही कचरा संग्रहण कार्य करवाना सुनिश्चित करने कहा। बैठक में प्रत्येक जोन अंतर्गत वार्डों में सफाई, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, जलापूर्ति की नियमितता तथा सामने आ रही समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।





हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



प्रभु यीशु के स्वागत में जगमगाए 45 ....

देश के शीर्ष साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल ने मंगलवार को एम्स में अंतिम सांसें लीं। 89 साल में भी श्री शुक्ल का लेखन और साहित्य को लेकर प्रेम कभी खत्म नहीं हो पाया। रायपुर के साथ-साथ देशभर में उनके पाठक थे, जो अक्सर उनसे मिलने घर चले आते थे। जब भी लोग उनके घर मिलने आते तो उन्हें बड़ी खुशी होती थी। श्री शुक्ल भी उनसे बातचीत करते और जीवन तथा साहित्य की समझ के बारे में उन्हें बताते थे। बीते दिनों हिंदी युग्म के आयोजन में वे कार्यक्रम में शामिल हुए थे। यह अंतिम मौका था, जब पाठकों को उन्हें कार्यक्रम में सुनने का अवसर मिला था। उस दौरान उन्होंने कहा था कि पाठक ही मेरी ताकत हैं, जिनके होने से आज यहां खड़ा हूं।

● देश के शीर्ष साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार को निधन, जानिए रोचक किस्से और उनसे जुड़ी यादें

# कभी भी हो, लेकिन अंतिम सांस लेने के लिए मेरे पास हमेशा समय रहेगा...



साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल की परिवार के साथ उनकी तस्वीरें।

### हिंदी निबंध के पेपर में हो गए थे फेल

विनोद कुमार शुक्ल के बेटे शाश्वत गोपाल बताते हैं कि दादाजी (पिताजी को दादा कहकर संबोधित करते हैं) ने राजनांदगांव के स्टेट हाईस्कूल से पढ़ाई पूरी की, फिर रायपुर के साइंस कॉलेज में एडमिशन लिया। बीएससी की पढ़ाई के दौरान वे हिंदी निबंध के पेपर में फेल हो गए थे। कुछ दिन वे स्कूल में शिक्षक रहे। आगे चलकर रायपुर के कृषि महाविद्यालय में उन्होंने कृषि विस्तार विषय पढ़ाया। 1996 में विनोद शुक्ल सह प्राध्यापक के पद से रिटायर हुए। जबलपुर विश्वविद्यालय में कृषि की पढ़ाई करने के दौरान विनोद कुमार शुक्ल साहित्यकार हरिशंकर परसाई से मिला करते थे।



अपने घर में ज्ञानपीठ पुरस्कार लेते हुए विनोद कुमार शुक्ल

### इन कविताओं को भी सराहा गया

विनोद कुमार शुक्ल की नौकर की कमीज, दीवार में एक खिड़की रहती थी, के अलावा लगभग जय हिंद, वह आदमी चला गया नया गरम कोट पहनकर विचार की तरह, सबकुछ होना बचा रहेगा, अतिरिक्त नहीं, कविता से लंबी कविता, आकाश धरती को खटखटाता है, जैसे कविता संग्रह की कविताओं को भी दुनियाभर में सराहा गया है। बच्चों के लिए लिखे गए हरे पत्ते के रंग की पतरंगी और कहीं खो गया नाम का लड़का जैसी रचनाओं को भी पाठकों ने खूब पसंद किया। दुनियाभर की भाषाओं में उनकी किताबों के अनुवाद हो चुके हैं।

### मेरी पहली कविता मुक्तिबोध के माध्यम से छपी थी

साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल ने अपने 86वें जन्मदिन पर कहा था कि किस तरह उन्हें साहित्य और रचना की दुनिया में मुक्तिबोधजी लेकर आए। तब से अब तक यह क्रम अनवरत जारी है। समारोह में एक पाठक ने सवाल किया था कि आपकी पहली कविता कौन-सी थी? इस पर उन्होंने कहा, यह तो मुझे याद नहीं। मेरा मानना है कि जो कविता छप जाती है, वही पहली हो जाती है। मुक्तिबोध को याद करते हुए श्री शुक्ल ने कहा था कि मैं बार-बार उनके पास जाया करता था। अक्सर मुझे वे अपनी कविता लेकर आने को कहा करते। मेरी पहली कविता मुक्तिबोधजी के माध्यम से छपी थी।

### कई सम्मान और पुरस्कार

कविता और उपन्यास लेखन के लिए 59वें ज्ञानपीठ पुरस्कार, अंतर्राष्ट्रीय नाबोकोय साहित्य पुरस्कार, गजानन माधव मुक्तिबोध फेलोशिप, रजा पुरस्कार, वीरसिंह देव पुरस्कार, सृजन भारती सम्मान, रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार, दयावती मोदी कवि शिखर सम्मान, भवानीप्रसाद मिश्र पुरस्कार, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, पं. सुंदरलाल शर्मा पुरस्कार जैसे कई पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके विनोद कुमार शुक्ल को उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के लिए 1999 में 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार भी मिल चुका है। हाल के वर्षों में उन्हें मातृभूमि बुक ऑफ द ईयर अवार्ड भी दिया गया।

**रायपुर।** जब साहित्य अकादमी ने अपने सर्वोच्च सम्मान, महत्तर सदस्यता से विभूषित किया। उस समय विनोद कुमार शुक्ल ने कहा था कि स्वास्थ्य ठीक नहीं होने से अब घर पर रहता हूं। साहित्य अकादमी की महत्तर सदस्यता मिलना बहुत बड़ा सम्मान है, जो मुझे मिला है। मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। सोचा भी नहीं था। मेरी सोच में कभी आया भी नहीं। साहित्य अकादमी के अधिकारी सम्मान देने मेरे घर आए। मुझे घर में यह सम्मान मिला। अंतर्राष्ट्रीय नाबोकोय साहित्य पुरस्कार मिलने पर हरिभूमि से कहा था कि जब भी लिखो, खुद के लिए लिखो.., अपने अनुभव से पहले लिखो। लेखन के लिए खुद का एकांत बनाओ। जीवन में लेखन सार्थक और सरल बन जाएगा।



विनोद कुमार शुक्ल की मां-पत्नी और बेटी के साथ की तस्वीर।

### जब मां ने समझाया था किताब और लेखन का महत्व

विनोद कुमार शुक्ल का जन्म 1 जनवरी 1937 को राजनांदगांव में हुआ। 6 चाचा समेत पूरा परिवार साथ में रहता था। उनकी मां रुक्मणी शुक्ल का जन्म बंगाल में हुआ था। साहित्य के प्रति उनका काफी जुड़ाव था। वहीं उनके चचेरे भाई भगवतीचरण शुक्ल भी लिखते थे। घर में साहित्य से जुड़ी किताबें-पत्रिकाएं आया करती थीं, जिन्हें विनोद कुमार शुक्ल भी पढ़ते थे। एक समय उनकी लेखनी में भवानी प्रसाद मिश्र की कुछ पंक्तियां **'मैं गीत बेचता हूं'** आ गई थीं, तब उनके बड़े भाई ने उन्हें डांटा था। इस दौरान उनकी मां रुक्मणी ने उन्हें समझाया था कि जिस तरह चीजों को छानने के लिए छन्नी का इस्तेमाल करते हैं। उसी तरह तुम मन में एक छन्नी बना लो, ताकि दूसरों का लिखा हुआ तुम्हारे लेखन में न आए और तुम्हारा लिखा मौलिक हो।



अभिनेता और लेखक मानव कौल के साथ साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल।



विनोद कुमार शुक्ल अपने दोस्तों के साथ।

### मुक्तिबोध को अपनी कविताएं दिखाते थे शुक्ल

राजनांदगांव में गजानन माधव मुक्तिबोध से विनोद कुमार शुक्ल मिलते थे, तब अपनी लिखी कविताएं उन्हें दिखाते थे। ऐसे ही एक दिन विनोदजी अपनी लिखी कविताएं मुक्तिबोध के पास ले गए। उनमें से 8 कविताएं उन्हें बहुत अच्छी लगीं। मुक्तिबोधजी ने ही उनकी आठ कविताओं को साहित्यक पत्रिका कृति में प्रकाशित करने के लिए भेजा था। यहीं से विनोद कुमार शुक्ल के लिखने का सिलसिला धीरे-धीरे बढ़ता गया। 1971 में पहला कविता संग्रह 'लगभग जय हिंद' और 1979 में पहला उपन्यास 'नौकर की कमीज' प्रकाशित हुआ, आगे इस पर फिल्म भी बनी।

## सिटी इवेंट

## 'शिवोम शिवांजलि' में जुटे देशभर के कलाकार, भारतीय संस्कृति को किया जीवंत



**रायपुर।** शिवोम विद्यापीठ में 'शिवोम शिवांजलि' महोत्सव का आयोजन किया गया। मंगलवार को इस दो दिवसीय भव्य नृत्य, गायन एवं कला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। 24 दिसंबर तक चलने वाले इस सांस्कृतिक उत्सव में भारत के विभिन्न प्रांतों से पधारे कलाकार अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के माध्यम से भारतीय कला एवं संस्कृति की अनुपम छवि बिखेरेंगे। पहले दिन 'शिवोम शिवांजलि' मंच पर भारत के शास्त्रीय नृत्य रूपों का मनोहारी संगम देखने को मिला। कलाकारों ने अपने प्रस्तुतियों में भारतीय कला परंपरा, भक्ति और नृत्यकला का ऐसा अद्भुत एवं जीवंत प्रदर्शन किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम में प्रस्तुत "त्रिशक्ति" की अवधारणा के अंतर्गत शक्ति, साधना और सौंदर्य का अविस्मरणीय उत्सव रचा गया। साथ ही गायन एवं चित्रकला के कलाकारों को अपनी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल और प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच प्राप्त हुआ। महोत्सव का उद्घाटन शिवोम विद्यापीठ के चेयरमैन अवधेश शर्मा एवं डॉ. नीलिमा शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और कला के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### निर्णायक मंडल ने की सराहना

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों की मंचीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में उनकी उत्कृष्ट प्रतिभाओं को देख निर्णायक मंडल सराहना करने से खुद को रोक नहीं सका। प्रतिभागी कलाकारों ने निर्णायक मंडल की सदस्य डॉ. राखी राय एवं अरुण गायकवाड़ के समक्ष अपनी प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें निर्णायक मंडल के साथ-साथ दर्शकों से भरपूर सराहना मिली।



### इनकी रही उपस्थिति

शिवोम विद्यापीठ संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रणव शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि शिवोम शिवांजलि कलाकारों के लिए आत्म-अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक संवाद का सशक्त माध्यम है। यह संपूर्ण आयोजन असिस्टेंट डायरेक्टर अशरफ अली एवं प्रिंसिपल जया बंदेलू के कुशल मार्गदर्शन में हो रहा है, जो शिवोम विद्यापीठ की कला, संस्कृति एवं मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## महान गणितज्ञ डॉ. रामानुजन की जयंती पर मनाया गणित दिवस

**रायपुर।** एनआईटी में महान गणितज्ञ डॉ. श्रीनिवास रामानुजन की 138वीं जयंती को गणित दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के गणित विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं तकनीकी परिषद और नेशनल कौंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन, भारत सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव और मुख्य अतिथि ट्रिपलआईटी नया रायपुर के डॉ. सत्यनारायण वोलाला रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार सामंता एवं आयोजन सचिव डॉ. शारदा नंदन राव, डॉ. नवीन कुमार मेहर एवं डॉ. रंजन कुमार दास रहे। इनके अतिरिक्त अन्य फैकल्टी मेंबर्स, स्कूली छात्र इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. शारदा नंदन राव ने प्रतिभागियों और अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को याद किया और बताया कि यह दिवस हमें उनकी विरासत को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। डॉ. सुजीत कुमार सामंता ने अपने संबोधन में कहा कि आज के तेजी से बदलते विश्व में गणितीय सोच विश्लेषण और नवाचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि आज की गतिविधियां छात्रों को कक्षा से बाहर गणित का अन्वेषण करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। डॉ. नवीन कुमार मेहर ने अपने संबोधन में बताया कि गणित सिर्फ एक विषय नहीं है, बल्कि यह समस्या-समाधान और नवाचार के लिए एक शक्तिशाली औजार है।



### विविध प्रतियोगिताएं भी

*इसके बाद दिनभर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे पोस्टर एक्जीबिशन, डिबेट, क्विज इत्यादि प्रतियोगिताएं और व्याख्यान सत्र आयोजित किए गए। समापन समारोह की अतिथि डीन (अकादमिक) डॉ. शुभ्रता गुप्ता और मुख्य अतिथि प्रो. विष्णु अग्रवाल, एमएनएन आईटी, इलाहबाद रहे। डॉ. गुप्ता ने अपने संबोधन में प्राचीन भारतीय गणितज्ञों को याद करते हुए कहा कि भारत हमेशा से आर्यभट्ट, रामानुजन और शकुंतला देवी जैसे महान गणितज्ञों की भूमि है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। डॉ. अग्रवाल ने सभी से अपील की कि गणित को कठिन न समझें, हमारे जीवन में हर तरफ गणित है, इसका आनंद लें।*

## मो. रफी की जयंती पर म्यूजिकल शो आज

रायपुर। सुरों के सरताज, प्रख्यात गायक स्व. मो. रफी की जयंती पर आज म्यूजिकल शो एक शाम मो. रफी के नाम का आयोजन किया गया है। यह आयोजन शिवानंद नगर स्थित हेमंत कुमार म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मायाराम सुरजन हॉल में शाम 6 से रात्रि 11 बजे तक रखा गया है। बालीवुड के लिजेंडरी गायक मो. रफी की जयंती के 101 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें केवल उन्ही गानों को प्राथमिकता दी गई है, जिन्हें सर्वाधिक रैंक मिला है। इस म्यूजिकल शो में रायपुर, कोरबा, विलासपुर के जाने माने गायक कलाकर अपनी गायकी के हुनर से मशहूर गायक मो. रफी को याद करेंगे। इसमें संगीत संध्या में मुख्य कलाकार मनोहर ठाकुर, हेमंत कुमार, डॉ. जीशान खान, प्रशांत नाग, पवन मंडावी, मोहिनी मल्लेवार, ज्योति पाटिल, रूपा मंडावी, अपूर्वा ठाकुर (कोरबा), नफीसा, एनके चक्रवर्ती, प्रदीप कुमार साहू शामिल होंगे। वहीं तकनीकी सलाहकार एवं मंच संचालन सादिक खान करेंगे। गोल्डन साहू छॉलीबुड एक्टर ने शहर के संगीत प्रेमियों अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों के रिसोर्ट में नो रूम की स्थिति

## नए साल का जश्न मनाने मैनपाट-चिल्फी घाटी फेवरेट डेस्टिनेशन बर्फ की जमीं-कोहरे का आकाश पर्यटकों को कर रहा आकर्षित

कार्नर न्यूज

रायपुर। नए साल में लगभग हर कोई अपनी पसंदीदा जगह पर फैमिली, फ्रेंड्स के साथ आउटिंग पर जाना चाहता है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की बात करें तो मैनपाट, चिल्फी घाटी इस न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए फेवरेट डेस्टिनेशन बने हुए हैं। छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड की जनसंपर्क अधिकारी अनुराधा दुबे के मुताबिक, नए साल को अपनों संग यादगार बनाने के लिए देशी-विदेशी पर्यटकों के सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों में मैनपाट और चिल्फी घाटी प्रमुख हैं। इन दोनों ही जगहों पर बर्फ की चादर से ढंकी जमीं, कोहरे का आकाश और ओस की टपकती बूंदों का मनोरम, प्राकृतिक दृश्य पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। नए साल-2026 के स्वागत में जश्न मनाने इनके अलावा प्रदेश के लगभग सभी पर्यटन स्थलों के रिसोर्ट बुक हो चुके हैं। सैलानियों के आंकड़ों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देशी-विदेशी सैलानियों की एडवांस बुकिंग के चलते पिछले 15 दिसंबर से आगामी 10 जनवरी तक सभी डिस्टिनेशंस में नो रूम की स्थिति बनी हुई है। विभाग की जनसंपर्क अधिकारी ने आगे बताया कि सैलानियों को नए साल का यादगार सेलिब्रेशन का माहौल देने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने भी सजावट से लेकर भोजन तथा अन्य सुविधाओं को स्पेशल थीम में प्रेजेंट करने की पूरी तैयारी कर रखी है।

### स्पेशल फूड मैन्यू में लोकल डिश का स्वाद

मैनपाट के स्थानीय व्यंजनों में तिब्बती व्यंजन और पारंपरिक छत्तीसगढ़ी भोजन का मिश्रण मोमोस, थुप्पा, चीला, दिल गजोधर, फरा, आमत नए साल में सैलानियों को स्पेशल फूड मैन्यू में परोसा जाएगा। वहीं चिल्फी घाटी के लोकल व्यंजनों में छत्तीसगढ़ी व्यंजन जैसे मुठिया (भाप में पके चावल के पकौड़े), ठेठरी, लालभाजी और दाल-चावल सर्व किया जाएगा। इस तरह से दूसरे डेस्टिनी में भी वहां के लोकल फेवरेट डिश सैलानियों के लिए मैन्यू में शामिल किए गए हैं।



### रिसॉर्ट में मनोरंजन के लिए वीकेंड फोक डांस



पर्यटकों के मनोरंजन के लिए पर्यटन विभाग के होटल-मोटल, रिसॉर्ट्स कैंपस में छत्तीसगढ़ के विभिन्न फोक डांस, गीत-संगीत के आयोजन का प्रबंध किया गया है। जहां पर रात्रि के समय देशी-विदेशी सैलानी स्थानीय नृत्य, गीत-संगीत से जुड़ सकेंगे। इसके लिए स्थानीय कलाकारों को अप्रोच किया गया है। इससे उन्हें रोजगार के अवसर मिलेगा और पर्यटकों का मनोरंजन भी होगा।

### इन डेस्टिनेशन के लिए सबसे ज्यादा बुकिंग

मैनपाट और चिल्फी घाटी के अलावा सरोदा दादर, कुरदर वैली, कबीर चबूतरा, टाटामारी-केसकाल घाटी, बार नवापारा अभयारण्य जैसे पर्यटन स्थलों के लिए नया साल मनाने सबसे ज्यादा बुकिंग की गई है। नए साल में इन जगहों पर देशी-विदेशी सैलानियों का तांता लगेगा। इन जगहों के होटल-मोटल व रिसॉर्ट्स एडवांस में पहली बार बुक हो चुके हैं।

### ट्रेडिशनल थीम पर वेलकम डेकोरेशन

नए साल को लेकर प्रत्येक पर्यटन स्थल पर सैलानियों के स्वागत के लिए होटल-मोटल, रिसॉर्ट्स की साज-सज्जा, वहां के पारंपरिक रीति-रिवाज, रहन सहन और वातावरण के अनुरूप व्यवस्था की गई है। सजावट में छत्तीसगढ़ के जनजातीय जीवन, कला-संस्कृति, तीज-त्योहार, धर्म दर्शन को सुंदर तरीके से रंगोली, इलेक्ट्रॉनिक लाइट्स और नेचुरल पेंटिंग्स, आकृतियों से डेकोरेट किया गया है।

सिटी लाइव

## संख्या बल के अनुसार प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर एकजुट हुआ यादव समाज



**रायपुर।** ठेठवार यादव महासभा का वार्षिक अधिवेशन सामाजिक एकजुटता और प्रतिनिधित्व की मांग के संदेश के साथ संपन्न हुआ। अधिवेशन में समाज प्रमुखों ने कहा कि यादव समाज संख्या बल के हिसाब से राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिनिधित्व चाहता है और इसके लिए संगठित रहना जरूरी है। कार्यक्रम में सामाजिक विकास, शिक्षा और भागीदारी को लेकर गंभीर चिंतन किया गया। समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, वहीं अतिथियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि यादव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श आज भी समाज को दिशा देते हैं।

### समाज को संगठित रहने पर दिया जोर

उन्होंने मांग की कि संख्या बल के आधार पर इन संस्थाओं में भी यादव समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाए। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु और राज अध्यक्ष राजकुमार यादव ने समाज को संगठित रहने पर जोर दिया। भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य जीत हेमचंद यादव और राजा यादव ने भी एकता को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताया।

उन्होंने समाज से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। विशेष अतिथि पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि यादव समाज एक सशक्त समाज है, जो संगठित होकर अपने अधिकारों की बात मजबूती से रख सकता है।

समाज लाइव

## सनातन धर्म की रक्षा करने आर्य वीर दलों को दे रहे प्रशिक्षण



**रायपुर।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 में स्वामी श्रद्धानंद का 99वां बलिदान दिवस श्रद्धा, संकल्प और राष्ट्रचेतना के साथ आयोजित किया गया था। इस अवसर पर आर्य जगत के क्रांतिकारी विद्वान आचार्य योगेश भारद्वाज दवरा ओजस्वी व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में अनुयायियों और आर्य समाज सहित विभिन्न सनातनी संगठनों के प्रतिनिधियों उपस्थिति रही। आर्य समाज से छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री अवनी भूषण पुरंग, उमेश चितलंगिया और धर्म जागरण समन्वय से राजकुमार चंद्रा, सभा के उपप्रधान रामनिवास गुप्ता, रवि आर्य, दिलीप आर्य, अजय आर्य, विक्रम आर्य, महेश नायडू, रजनीश मल्होत्रा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### क्रांतिकारी प्रवचनों से उद्वेलित हुआ हिंदू समाज

कार्यक्रम के दौरान अपने विचार रखते हुए आचार्य योगेश भारद्वाज ने कहा कि विश्व का श्रेष्ठ धर्म वैदिक सनातन धर्म है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को इस भूमि को अपनी पुण्यभूमि, धर्मभूमि और कर्मभूमि मानना होगा, तभी राष्ट्र के प्रति उसकी निष्ठा सुदृढ़ होगी। उन्होंने घर वापसी, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रवाद को सामाजिक समाधान के रूप में रेखांकित किया। कार्यक्रम को लेकर डॉ अजय आर्य ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वामी श्रद्धानंद का जीवन आज के समय में युवाओं के लिए प्रेरणा-पुंज है। उनका बलिदान केवल इतिहास नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शक है।

लाइव इवेंट

## जीवन अनिश्चितताओं का खेल, लेकिन हम उसे कैसे लेते हैं यह हमारे ऊपर निर्भर



**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में चल रहे वाह जिंदगी वाह शिविर के तीसरे दिन के सत्र में मुम्बई से आये अंर्तराष्ट्रीय प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफेसर ई.वी. गिरीश ने रोज बढ़ रहे तनाव को समझकर दूर करने की बातें बताईं। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक व्यक्ति अंदर से आसान होगा और सत्य के आधार पर जीवन जियेगा। हमने तनाव के बारे में समझा हमारी यह गलत अवधारणा है कि बाहर के व्यक्ति, परिस्थिति चैलेंज से हमको टेंशन होता है ऐसा नहीं है वह तो वास्तविकता है, रियलिटी है लेकिन मैं किस प्रकार से प्रतिक्रिया करता हूं उसे बाहर की बातों को यह उस पर निर्भर करता है।

### तनाव हमारी गलत धारणाओं का परिणाम

प्रोफेसर गिरीश ने स्वयं को सशक्त व शक्तिशाली बनाने के लिए भिन्न-भिन्न टिप्स दिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 5 महीने के बच्चा तैरना सीख सकता है । लेकिन हम 15 साल के बच्चे को पानी में उतरने से डराते हैं। यह हमारी गलत धारणाओं का परिणाम है । दो व्यक्तियों के बीच में आपस में यह कर्मों का अकाउंट ट्रांसफर पॉसिबल ही नहीं है। जिस व्यक्ति के जैसे कर्म होंगे, उसी के अनुसार उसे जीवन में सुख या दुःख प्राप्त होता है इस सत्यता को यदि हम गहराई से समझते हैं तो परिवार व समाज में रहते हुए भी हमारी मानसिक स्थिति स्टेबल रह सकती है।

● राजधानी में क्रिसमस की तैयारी को दिया अंतिम रूप, गोशाला में स्थापित की जाएगी आकर्षक झांकी

# प्रभु यीशु के स्वागत में जगमगाए 45 चर्च, मॉल में सजा 30 फीट ऊंचा क्रिसमस ट्री, कैंपस में बनी आकर्षक चरनी

**रायपुर।** आज हर साल की तरह सभी गिरजाघरों में प्रभु यीशु के आगमन की खुशी में हजारों लोग शामिल होने वाले हैं। क्रिसमस की खुशी को खास बनाने के लिए मसीही समाज के युवा पटाखों से धूम मचाएंगे। प्रार्थना सभा में ज्यादा से ज्यादा लोग फैमिली के साथ शामिल हो सकें, इसके लिए सभी चर्चों में व्यवस्था बनाई गई है। चर्च कैंपस अब विभिन्न तरह की रंगीन लाइटों से रोशन है। इनमें मंगलवार की रात भी क्रिसमस ट्री सजाने के साथ ही प्रभु यीशु द्वारा दिए गए संदेश को भी चर्च की दीवारों पर खास तरीके से सजाया है। इस तरह का प्रयास युवाओं को परमात्मा द्वारा दिए गए संदेश से जोड़ने के लिए हर क्रिसमस पर करते हैं।

### रात 11 बजे से शुरू होगा उत्सव

बैरन बाजार स्थित सेंट जोसेफ चर्च के फादर जॉन जेवियर के अगवाई में क्रिसमस की तैयारी पूरी की गई है। जैसे ही रात के 11 बजेंगे, लगभग सभी चर्चों में आराधना शुरू होगी। मध्यरात्रि में परमात्मा का जन्म होने पर फादर बालक यीशु के प्रतिरूप को लेकर लोगों के समक्ष होंगे। इसके साथ ही प्रार्थना सभा मैरी क्रिसमस से गुंजायमान होगी। लोग खुशी मनाते हुए इस बार आतिशबाजी भी करने वाले हैं। आधी रात को केक काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन को उत्सव का रूप दिया जाएगा। यह सिलसिला रात डेढ़ बजे तक इस बार चलेगा।

शहर के गिरजाघरों में प्रभु यीशु के स्वागत में धूम मचने वाली है। इसके लिए रंगबिरंगी रोशनी से 45 चर्च रोशन किए गए हैं। इनमें शाम 5 बजे से ही उत्सव में शामिल होने वालों की भीड़ बढ़ रही है। इस बार व्यवस्था बनाने के लिए समाज के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। आगंतुकों के बीच इस बार भी आकर्षक चरनी में प्रभु यीशु की झांकियां सजाई जाएंगी। चरनी सजाने का काम मंगलवार की शाम शुरू किया जाएगा। मैग्नेटो मॉल में क्रिसमस थीम में मॉल को सजाया गया है। यहां 30 फीट ऊंचा क्रिसमस ट्री आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां भी क्रिसमस का जश्न खुशियां बांटकर मनाया जाएगा।





### कैंडल जलाने सजाया है स्टैंड


सभी चर्चों में पहले से की गई तैयारी रंग लाने वाली है। कैंपस में क्रिसमस की खुशी में कैंडल जलाने के लिए आने वाले मसीहीजनों की सुविधा के लिए कैंडल जलाने के लिए स्टैंड से लेकर हर तरह की तैयारी की गई है। क्रिसमस के दूसरे दिन चर्च परिसर में उत्सव का माहौल बनता है। इसमें हजारों की तादाद में लोग परिवार के साथ शामिल होते हैं। इसे देखते हुए लोगों को कैंडल जलाने, पेयजल, प्रार्थना सभा के लिए सारी तैयारी की गई है। इस बार भी लोगों को सुविधा देने के लिए युवाओं की टोली सहयोग करेगी।



### चर्चों में होगी विशेष सभा

शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाके के चर्चों में भी उत्सव मनेगा। मंगलवार की रात और बुधवार सुबह भी सभी चर्चों में विशेष प्रार्थना होगी। यह उन लोगों के लिए खास होता है, जो लोग क्रिसमस की रात होने वाली प्रार्थना का हिस्सा नहीं बन पाते हैं। इसमें प्रभु ने मानव कल्याण के लिए जो रास्ता दिखाया है, उसे पादरी द्वारा प्रार्थना सभा में लोगों को बताया जाएगा। इसके साथ कई चर्चों में कैरोल सिंगिंग की धूम मचेगी।





### माता मरियम की गोद में प्रभु यीशु

कापा, भनपुरी, टाटीबंध, जोरा, रावांभाठा में बनाई गई व्यवस्था के तहत लोगों को प्रभु यीशु के आने से जुड़ी बातों की जानकारी दी जाएगी। इसके पहले ही जन्म से जुड़ी मान्यता के तहत लोगों ने चर्च के बाहर गोशाला को आकार दिया है। इसे यीशु के जन्म के प्रतीक स्थल के रूप में सजाया गया है। गोशाला की झांकी में माता मरियम की गोद में यीशु की प्रतिमा को भी सजाया जाएगा। भेड़, बकरी और गड़रिए की प्रतिमाओं के बीच परमात्मा की अलग-अलग आकर्षक झांकी इस बार भी सजाने चरनी बनकर तैयार है।

## 30 राज्यों के 500 खिलाड़ियों ने लगाया लक्ष्य पर निशाना

45वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ





**रायपुर।** 45वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यमंत्री व छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु देव साय ने किया। प्रतियोगिता का आयोजन 30 दिसंबर तक स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम, कोटा रोड में किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व और सौभाग्य की बात है कि प्रभु श्रीराम के ननिहाल और धान के कटोरे छत्तीसगढ़ में देशभर के तीरंदाज एकत्रित हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री और संघ अध्यक्ष दोनों दायित्वों के नाते सभी खिलाड़ियों, कोच और अधिकारियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ आर्चरी एसोसिएशन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मुरारका के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से राज्य में तीरंदाजी को नई पहचान और ऊंचाई मिली है। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में यह खेल और अधिक सशक्त होगा।इस अवसर पर तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की साय सरकार खेलों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत में ओलंपिक तथा छत्तीसगढ़ में हॉकी और हैंडबॉल के राष्ट्रीय आयोजन ऐतिहासिक सिद्ध होंगे। बता दें कि 45वीं एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में देश के 36 राज्यों एवं इकाइयों से लगभग 1200 से अधिक खिलाड़ी, कोच और मैनेजर भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन 30 राज्यों के करीब 500 खिलाड़ियों ने रिकर्व राउंड में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान बुधवार को रिकर्व राउंड के फाइनल मुकाबले होंगे, जबकि आगामी दिनों में कंपाउंड और इंडियन राउंड की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### इनके बीच हुए मुकाबले

आज मिक्स्ड टीम व इंडिविजुअल एलिमिनेशन राउंड राष्ट्रीय प्रतियोगिता के अंतर्गत मंगलवार को रिकर्व वर्ग के मुकाबले संपन्न हुए, जिनके परिणाम घोषित कर दिए गए। पुरुष वर्ग (70+70 मीटर दूरी) में महाराष्ट्र के सैराज दिनेश हनमे ने 720 में से 684 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश के उज्ज्वल धामा ने 674 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि राजस्थान के अथर्व शर्मा 673 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग (70+70 मीटर दूरी) में मध्यप्रदेश की क्रातिका बिचपुरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 659 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश की माधवी चौहान ने 657 अंक के साथ दूसरा स्थान और हरियाणा की तमन्ना देशवाल ने 647 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## कुंथुनाथ जिनालय में 25वीं रजत ध्वजा सह त्रिहानिका महोत्सव 25 से

*रायपुर। फाफाडीह स्थित श्री कुंथुनाथ जिनालय को 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं और इसी परिपेक्ष्य में 25वीं रजत ध्वजा सह त्रिहानिका महोत्सव 25 दिसंबर से मनाया जा रहा है। महोत्सव में परम पूज्य साध्वी श्री नंदिषेणा श्रीजी म.सा. जबलपुर से पद विहार करते हुए रायपुर नगर पधार रही है। शास्त्रों के अनुसार कुंथुनाथ मंदिर में कहीं भी लोहे का उपयोग नहीं किया गया है, यह एक विशेष मंदिर है। महोत्सव का समापन 28 दिसंबर को होगा, उस दिन मंदिर में ध्वजा चढ़ाई जाएगी। यह ध्वजा विशेष से सूरत में तैयार की गई है। महोत्सव के विधिकारक श्री राजा भाई नंदू मुंबई से पधार रहे है। महोत्सव में शामिल होने मुंबई, गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ समेत दक्षिण भारत से मेहमान रायपुर पहुंचेंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 27 दिसंबर, शनिवार को सुबह है, जिसमें भगवान की भव्यातिभव वरघोड़ा (शोभायात्रा) निकलेगी। वरघोड़ा में ध्वजाजी रहेंगे और 2026 में राजधानी रायपुर से दीक्षा लेने वाले 8 मुमुक्षुरत्न और गुरू महाराज शामिल होंगे। मंदिर को फूलों और विशेष लाइटों से सजाया जा रहा है।*

स्वदेशी मेले में कठपुतली एक्ट, छत्तीसगढ़ी और दक्षिण भारतीय सांस्कृतिक कला का संगम

# स्वदेशी मेले में पहुंचे अमिताभ, तपस्या और राजा-रानी के आदमकद कठपुतली कैरेक्टर्स बच्चों-बड़ों को लुभा रहे

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में लगे स्वदेशी मेले में आदमकद कठपुतली कैरेक्टर्स लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मंगलवार को मेले में कठपुतली एवं नाट्य कला मंच बिलासपुर के कठपुतली आर्टिस्टों ने शानदार कठपुतली थीम एक्ट प्रस्तुत किया। यह कठपुतली एक्ट मेले में बच्चों व बड़ों को खूब लुभा रहा है। छत्तीसगढ़ी लोककला स्वरूप में 14-15 फीट ऊंची विशाल चलती-फिरती जीवंत कठपुतलियों में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन, राजा-रानी, तपस्या जैसे कठपुतली कैरेक्टर्स दर्शकों को देखे दर्शक अचंभित व रोमांचित हो रहे हैं। मेले में पहुंचने वाले बच्चे-बड़े सभी इन कैंरेक्टर्स के साथ उत्साह से हैंड शेक कर सेल्फी ले रहे हैं। वहीं ये कठपुतली कैरेक्टर्स मेले में पहुंच रहे दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ सरकारी योजनाओं, बाल अधिकारों, स्वच्छता, नशा मुक्ति और 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान को लेकर सोशल मैसेज भी दे रहे हैं। स्वदेशी मेले में बिलासपुर की प्रमुख कठपुतली आर्टिस्ट किरण मोइत्रा हैं, जो अपनी संस्था कठपुतली एवं नाट्य कला मंच के कलाकारों के साथ पहुंची हुई हैं।





### सुआ नृत्य, ददरिया और गौरा-गौरी गीत ने मोहा



मेले में रोजाना विविध विधाओं में संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियां हो रही हैं। प्रतिभागी कलाकारों ने मेले के सांस्कृतिक मंच से छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति की मनोरम छटा बिखेरी। कलाकारों की पारंपरिक सुआ नृत्य, ददरिया और गौरा-गौरी गीत की थीम बेस्ड प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कठपुतली आर्टिस्ट किरण मोइत्रा ने कहा कि उनकी संस्था को मेले में प्रस्तुति का अवसर मिला है। मेले में कठपुतली एक्ट कर संस्था के कलाकार प्रसन्न हैं। हमारी संस्था ने छत्तीसगढ़ की इस प्राचीन कला को जीवित रखा है। संस्था का उद्देश्य इन कठपुतली कैरेक्टर्स के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता फैलाना है। आदमकद कठपुतलियों का इस्तेमाल कर हमारे कलाकार स्वयं उस कैरेक्टर्स को जीते हुए जीवंत बनाते हैं और शिक्षा तथा सामाजिक संदेशों को बढ़ावा देने का काम करते हैं।

### भरतनाट्यम, कथकली, कुचिपुड़ी से बांधा समां

सामाजिक समागम के अंतर्गत दक्षिण भारतीय समाज द्वारा भरतनाट्यम, कथकली, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने दक्षिण भारतीय सांस्कृतिक कला की अनुपम छटा से मेले में समां बांध दिया। दर्शकों ने कलाकारों की शानदार प्रस्तुति की खूब सराहना की।

### लघु नाटिका में स्वदेशी का संकल्प

स्वदेशी मेला मे आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत "स्वदेशी का दीप" नामक एक भावपूर्ण एवं विचारोत्तेजक लघु नाटिका का सफल मंचन किया गया। यह नाटिका स्वदेशी भावना, आत्मनिर्भरता और भारतीय मूल्यों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। इस लघु नाटिका की लेखिका एवं निर्देशिका सुजाता शुक्ला हैं। उनके सशक्त लेखन और संवेदनशील निर्देशन ने दर्शकों को स्वदेशी विचारधारा से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। नाटिका के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वदेशी केवल आर्थिक अवधारणा नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का आधार है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी में चंद्रांश ने बनाए शानदार 58 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर 16 विजय मर्चेन्ट मल्टी डे ट्रॉफी 2025 का आयोजन 07 दिसंबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच (23-25 दिसंबर) को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में राजस्थान अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन राजस्थान अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 72 ओवरों में 10 विकेट खोकर 192 रन बनाए। छत्तीसगढ की ओर से चंद्रांश यादव ने 58 रन बनाये। आदित्य बैदवाल तथा प्रतीक गंधर्व ने 26-26 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त उज्जवल मरकाम ने भी 23 रन बनाए। राजस्थान की ओर से रोहन चौधरी, भव्य अगल तथा अनुराग लखन ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन के अंत तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 16 ओवरों में 3 विकेट खोकर 40 रन बना लिये हैं। राजस्थान की ओर से यश शर्मा ने नाबाद 22 रन बनाए। छत्तीसगढ की ओर से अरहम नाहर ने 2 विकेट तथा अर्शवीर सिंह भाटिया ने एक विकेट प्राप्त किया। पहले दिन की समाप्ति तक राजस्थान 152 रनों से पीछे है।

### अनन्या व पलक का चयन स्टेट बास्केटबॉल के लिए



**रायपुर।** राज्य स्तरीय बास्केटबॉल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन 23 और 24 दिसंबर को शासकीय स्नातकोत्तर कमला महाविद्यालय राजनांदगाव की मेजबानी मे आयोजित है। महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया कि कॉलेज की खिलाड़ी अनन्या शुक्ला व पलक यादव का चयन राज्य स्तरीय बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए हुआ है। इन खिलाड़ियों के चयन होने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, सेक्रेटरी उपकार राय, प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला, उपप्राचार्य अभिनव पाल, उप प्राचार्य शुभी श्रीवास्तव, डॉ. रितेश जैन आदि ने बधाई दी है।

### अविका ने सीबीएसई राष्ट्रीय क्रिकेट में जीता गोल्ड मेडल



**रायपुर।** कृष्णा पब्लिक स्कूल, रायपुर की कक्षा 7वीं की छात्रा अविका शर्मा ने खेल जगत में विद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया है। अविका शर्मा ने सीबीएसई नेशनल क्रिकेट फेस्ट 2025 ईस्टर्न जोन टीम सनराइजर्स स्टेलोन में बतौर बैटर खिलाड़ी शामिल हुई थी. प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कृष्णा पब्लिक स्कूल, डूंडा रायपुर में आयोजित वार्षिक पुरस्कार सम्मान समारोह 2025 के अवसर पर अविका शर्मा को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के कार्यकारी निदेशक आशुतोष त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्या प्रियंका त्रिपाठी ने खेल श्रेणी के अंतर्गत पुरस्कार प्रदान किया।

### टर्मिनेटर की जीत, सुनिश रहे प्लेयर ऑफ़ द मैच



**रायपुर।** साहिल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित साहिल विंटर कप 16 आयु वर्ग में प्रतियोगिता का पहला मैच टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी और गोविन्द चौहान एकेडमी भिलाई के मध्य खेला गया। टर्मिनेटर के कप्तान आरव राज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए टर्मिनेटर ने निर्धारित 40 ओवरों में 2 विकेट खोकर 247 रन बनाए. जिसमे सुनिश मवार ने शानदार शतक लगाते हुए 108 रन और जागेश्वर निषाद ने 57 रनो की पारी खेली। गोविन्द चौहान एकेडमी के तरफ से गेंदबाजी करते हुए कृतिवास चौहान ने 1 और युवराज सिंह चौहान ने 1 विकेट लिए। जवाब में 248 रनो के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौहान एकेडमी की पूरी टीम 82 रनो पर ऑल आउट हो गयी। जिसमें वेदांत पाण्डेय ने 26 रनो की पारी खेली. टर्मिनेटर के तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए मेहुल देवांगन ने 5 एवं सोहम सिंह ने 2 विकेट लिए। टर्मिनेटर एकेडमी की टीम ने यह मैच 165 रनो के बड़े अंतर से जीत लिया। मैच में शानदार शतक लगाने पर सुनिश मवार को प्लेयर ऑफ़ द मैच चुना गया। टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी के तत्वाधान में आयोजित टर्मिनेटर क्वॉड क्रिकेट ट्रॉफी-14 आयु वर्ग में रविवार को टर्मिनेटर एकेडमी और पीसीसी दुर्ग के बीच प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें टर्मिनेटर की टीम ने जीत हासिल की।

### लक्षणों की पहचान कर उपचार कराना पहली प्राथमिकता

# फेफड़ों की गंभीर बीमारी जकड़ रही ज्यादातर लोगों को, लक्षणों से पहचानिए आप भी शिकार तो नहीं

इन दिनों फेफड़ों से जुड़ी बीमारी इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस ज्यादा चर्चा में है। ये बीमारी कई प्रकार की जटिलताएं पैदा करती है, इसके संक्रमण का फैलाव ज्यादा हो रहा है, ऐसे में इस बीमारी को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंताएं जाहिर की जा रही है। बीते वर्ष मशहूर तबला वादक और पद्म विभूषण से सम्मानित उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन भी इस बीमारी से हुआ था। इस खबर ने दुनियाभर में उनके प्रशंसकों को गमगीन कर दिया था। वे अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित एक अस्पताल में भर्ती थे। डॉक्टरों के मुताबिक वे लंबे समय से इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस नामक बीमारी और इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य जटिलताओं से पीड़ित थे। इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (आईपीएफ) फेफड़ों में होने वाली एक क्रोनिक बीमारी है जिसके कारण समय के साथ सांस लेना तक मुश्किल हो जाता है और कई अन्य प्रकार की जटिलताएं होने लगती हैं। इस बीमारी के कारण फेफड़ों में स्कार टिशू (फाइब्रोसिस) बनने होने लगता है जिस वजह आपके फेफड़े रक्तप्रवाह में ऑक्सीजन को प्रभावी ढंग पहुंचाने में कठिनाई महसूस करते हैं। डॉक्टर कहते हैं, फेफड़ों की ये बीमारी किसी को भी हो सकती है इसलिए समय रहते इसके लक्षणों की पहचान करना और बचाव के लिए निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है।



### क्या है इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस की समस्या?

महान तबला वादक की मौत जिस इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस बीमारी के कारण हुई थी, वह 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों में बहुत आम होती जा रही है। ये इंटरस्टिशियल लंग डिजीज (आईएलडी) का एक प्रकार है जिसकी वजह से फेफड़ों के ऊतक मोटे होने लगते हैं और इनमें फाइब्रोसिस की दिक्कत हो सकती है।



फाइब्रोसिस के कारण रक्त प्रवाह में ऑक्सीजन रिलीज करना और शरीर के बाकी हिस्सों में पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाना फेफड़ों के लिए काफी मुश्किल हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आनुवांशिकता और दिनचर्या से संबंधित कारक इस बीमारी की वजह हो सकते हैं।

### कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं है ये बीमारी?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को फेफड़ों की गंभीर बीमारी रही हो उन्हें विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। अमेरिकन लंग्स एसोसिएशन के मुताबिक इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस के मुख्यरूप से दो लक्षण होते हैं जिनपर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

1. **लंबे समय तक सूखी खांसी बने रहना-** आईपीएफ वाले अधिकांश लोगों को 8 सप्ताह से अधिक समय तक खांसी बनी रहती है।

2. **अक्सर सांस फूलना-** अगर आपको अक्सर सांस फूलने की दिक्कत रहती है तो ये अलार्मिंग है। जैसे-जैसे फाइब्रोसिस की दिक्कत बढ़ती जाती है आपको आराम करते समय भी सांस लेने में कठिनाई का अनुभव हो सकता है।

इन लक्षणों के साथ मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, अक्सर थकान बने रहने, ऊर्जा की कमी महसूस होना और बिना स्पष्ट कारण के वजन कम होना भी इस बीमारी की संकेत हो सकता है।

### क्या है इस बीमारी की वजह?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पल्मोनरी फाइब्रोसिस के कई मामलों में डॉक्टर यह पता नहीं लगा पाते हैं कि व्यक्ति को ये बीमारी क्यों हुई है। जब बीमारी का कारण पता नहीं चलता है, तो फाइब्रोसिस को ₹इडियोपैथिक₹ कहा जा सकता है। उस्ताद जाकिर हुसैन को भी इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस की समस्या थी, जिसका मतलब है कि डॉक्टरों को उनमें बीमारी का स्पष्ट कारण पता नहीं था।

अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों में इस बीमारी की फैमिली हिस्ट्री रही है या जो लोग धूम्रपान करते हैं उनमें आईपीएफ होने का जोखिम अधिक देखा जाता है। इसके अलावा वायरल संक्रमण, वायु प्रदूषण जैसी स्थितियां भी इसे बढ़ावा दे सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, धूम्रपान फेफड़ों की कई गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है।



### साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन के लिए चुने गए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी


महेश कुमार


रिया तिवारी


चेतना साहू

- पटना में 27 से 29 दिसंबर तक होगी बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप

**रायपुर।** भारतीय बॉल बैडमिंटन महासंघ एवं बिहार संघ के संयुक्त तत्वाधान में साउथ एशियन बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला का आयोजन पटना, बिहार में 27 से 29 दिसंबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ से तीन खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन हुआ है। पुरुष वर्ग में महेश कुमार, भिलाई रिया तिवारी, कवर्धा एवं चेतना साहू दुर्ग का चयन हुआ है।

यह खिलाड़ी पिछले कई वर्षों से अपने खेल कौशल का अच्छा प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में अपना स्थान बनाए हैं। तीनों खिलाड़ी 24 तारीख को साउथ बिहार एक्सप्रेस से भारतीय टीम में शामिल होने के लिए पटना रवाना होंगे। उनकी इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद खान, श्यामल बनर्जी कोषाध्यक्ष, रेजी उन्नी अध्यक्ष बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब, टीवीएस रेड्डी सेक्रेटरी बीएसपी बाल बैडमिंटन क्लब, जीएल प्रसाद आदि ने शुभकामनाये दी है।

## विंटर की ये सलाद की रेसिपीज करेंगी स्वाद को दोगुना, आप भी आजमाएं

सर्दियों में अगर आपका कुछ हैवी खाने का मन न हो तो आप सलाद खाकर पोषक तत्व भी ले सकते हैं और पेट भी भर सकते हैं। मौसमी सामग्री और स्वाद से भरपूर, ये सलाद आपको वॉर्म रखते है। आप पनीर खाना पसंद करते हों या फिर सैल्मन या चिकन इस मौसम में पौष्टिक सलाद की ये रेसिपीज आपको जरूर आजमानी चाहिए।



### सलाद बनाने का तरीका-

इसके लिए सबसे पहले पालक या केल के पत्तों को साफ कर लें। एक पैन गर्म करके उसमें थोड़ा ऑलिव ऑयल डालें। इसमें पालक डालकर नमक डालें और फिर 2 मिनट सॉते करें। पालक सॉते करके निकाल करें। इसी पैन चिकन डालकर ग्रिल करें और फिर उसमें पहले से भुना हुआ शकरकंद डालकर मिलाएं। जब चिकन और शकरकंद ब्राउनिश होने लगे, तो आंच बंद कर दें। एक प्लेट में पालक, चिकन, शकरकंद, बाल्समिक सिरका और काली मिर्च डालकर मिला लें। ऊपर से अनारदान डालकर इस पौष्टिक चिकन सलाद का मजा लें। आप चाहें तो इसके साथ मिक्स फ्रूट जूस या अपनी फेवरेट स्मूदी ले सकते हैं।

### हर्बी सैल्मन और आलू का सलाद

एक कटोरे में ड्रेसिंग बनाने के लिए दही, सरसों, नींबू का रस, धनिया के डंठल, नमक और काली मिर्च डालकर मिक्स करें।आलू को उबालकर कर मोटा-मोटा काट लें। सैल्मन को भी छोटे या मीडियम साइज में काटें। इसे आप हल्का-हल्का सॉते करें।उबले हुए आलू को ड्रेसिंग के साथ मिलाएं। इसमें फ्लेक्ड सैल्मन डालें और धीरे से मिलाएं।

### पनीर और पालक का सलाद बनाने का तरीका-

पालक को पहले थोड़ा ब्लांच कर लें। इसे फिर एक प्लेट में ट्रांसफर करें। एक पैन को गर्म करें और उसमें पहले तिल डालकर ड्राई रोस्ट कर लें। इसी पैन में तेल डालकर पनीर के टुकड़े डालें। ऊपर से नमक डालकर इसे दोनों ओर से सुनहरा कर लें।सर्विंग प्लेट पर पालक रखें। इसमें पनीर, तिल, ऑलिव ऑयल, सोया सॉस, नींबू का रस और चिली फ्लेक्स डालकर मिलाएं। प्रोटीन से भरपूर इस सलाद का मजा ब्रंच में लिया जा सकता है।



### रजनीश, दिव्या, संजय और प्रमिला सहित कई ने टेटे में बाजी जीती

रायपुर। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में केजरीवाल्स तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 21 दिसंबर को संपन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के सचिव प्रेमराज जाचक ने की तथा विशेष अतिथि प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक एवं मास्टर्स राष्ट्रीय खिलाड़ी विनय केजरीवाल एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम के अनुसार पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) में विजेता -रजनीश ओबेराय (दुर्ग),उपविजेता- निशांत क़ानूगा




(रायपुर) 2-0 तृतीय - शलेश डागा (रायपुर), पुरुष एकल (आयु वर्ग 50) में विजेता-राजेश लुनिया (रायपुर), उपविजेता-राजेश अग्रवाल (रायपुर) 2-1 तृतीय - राजेश शेखर शर्मा (रायपुर महानगर), पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) में विजेता - संजय लहेजा (बिलासपुर), उपविजेता- गिरिराज बागड़ी (रायपुर) 2-0 तृतीय- अरविंद कुमार शर्मा (रायपुर महानगर) पुरुष एकल (आयु वर्ग 65) में विजेता- के रविशंकर (बिलासपुर), उपविजेता- अजीत बेनर्जी (रायपुर) 2-0 तृतीय- एसव्ही पेंढारकर (रायपुर महानगर) पुरुष एकल (आयु वर्ग 70) में विजेता - केबी सिंह (रायपुर), उपविजेता-के वेंकट प्रसाद (बिलासपुर) 2-0 तृतीय - सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर) महिला एकल (आयु वर्ग 40) में विजेता- दिव्या आमदे (रायपुर महानगर), उपविजेता- डा स्वाति बांठिया (रायपुर) 2-0, तृतीय - मोनिका दीवान (बिलासपुर) महिला एकल (आयु वर्ग 50) में विजेता प्रमिला ठाकुर (रायपुर महानगर), उपविजेता- रेणुका सुब्बा (रायपुर) 2-1 तृतीय गीता पंडित (रायपुर) महिला एकल (आयु वर्ग 65) में विजेता ईरा पंत (रायपुर), उपविजेता- गौरी डे (बिलासपुर) 2-0 तथा तृतीय- सरबरी मोइत्रा (बिलासपुर) रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रदीप जोशी एवं सहायक मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे, अभिनव शर्मा थे।

### जिला वॉलीबाल ट्रायल में शामिल हुए 100 से ज्यादा खिलाड़ी

**दुर्ग।** दुर्ग जिला और दुर्ग कार्पोरेशन वॉलीबॉल पुरुष और महिला टीम के लिए चयन ट्रायल एचवीसी वॉलीबॉल ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिले भर से 100 से अधिक खिलाड़ियों ने इस ट्रायल में भाग लिया। प्रत्येक समूह के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जो 12 खिलाड़ियों की अंतिम सूची में शामिल होने से पहले चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगे। पुरुष टीम का प्रशिक्षण ब्राइट क्लब कोहका में होगा, जबकि महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर एचवीसी, भिलाई में होगा। वी।एन। सोनी और संतोष अग्रवाल महिला टीम के मुख्य कोच और सहायक कोच हैं, और परिवेश ठाकुर और शंकर लाल यादव पुरुष टीम के मुख्य कोच और सहायक कोच होंगे। इस अवसर पर उपस्थित थे एसएन नेमा, नईमुद्दीन हनफी, सुशांत डे, शंकर लाल यादव, विनोद नायर, जोजी मैथिव, राजेंद्र राय, राजेश धारकर, गुरचरण संधू, व्यास, संतोष अग्रवाल, राजेश मणि, श्रीमती मेघा कौर, संजय दानी, दीपक मित्रा, केसी राव, आरके दुबे, एनपी पांडेय, राजू कैमल, अमित, वीएन सोनी आदि शामिल हैं।






















# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### माइली साइरस ने की सगाई, मंगेतर मैक्स ने पहनाई सवा करोड़ की अंगूठी

हॉलीवुड की फेमस सिंगर माइली साइरस ने अपनी जिंदगी की नई शुरुआत की है। उन्होंने मैक्स मोरांडो से सगाई कर ली है। माइली के लियाम हेम्सवर्थ से तलाक लेने के दो साल बाद मैक्स संग उनकी डेटिंग की अफवाहें साल 2021 में शुरू हुई थीं। उन्होंने अपनी करोड़ों रुपये की रिंग भी फ्लॉन्ट की।




अमेरिकन सिंगर माइली साइरस ने लगभग चार साल की डेटिंग के बाद म्यूजिशियन मैक्स मोरांडो से सगाई कर ली है। इस महीने की शुरुआत से ही उनकी इंगेजमेंट के कयास लग रहे थे, जिसे उनकी इंगेजमेंट रिंग ने कंफर्म कर दिया। माइली 1 दिसंबर 2025 को लॉस एंजिल्स में 'अवतारः फायर एंड ऐश' के वर्ल्ड प्रीमियर में रेड कार्पेट पर आईं और अपने करोड़ों रुपये की डायमंड रिंग को फ्लॉन्ट किया।माइली साइरस ने 'अवतार' फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर पर रेड कार्पेट पर पोज दिया। उनकी उंगली में हीरे की अंगूठी ने सबका ध्यान तुरंत खींच लिया। जूलरी इन्फ्लुएंसर जूलिया चाफे ने इस रिंग के बारे में बताया है कि इसकी कीमत 150,000 डॉलर (करीब 1.34 करोड़ रुपये) आंकी है। इसे जैकी ऐश ने डिजाइन किया है। इसमें सोने से बने मोटे सिगार बैंड पर 4 कैरेट का लम्बा कुशन-कट हीरा जड़ा है।माइली ने फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'बेबी, जब हम सपने देखते हैं तो हम एक साथ सपने देखते हैं।' उन्होंने इसके साथ दिल वाला इमोजी भी बनाया है।माइली साइरस और मैक्स मोरांडो के बीच रोमांस पहली बार दिसंबर 2021 में शुरू हुआ था।

## टॉलीवुड

### 'राउडी जनार्धना' के फर्स्ट लुक में भयानक दिखे विजय, फिल्म का टाइटल आते ही फैंस उत्साहित

'किंगडम' के बाद, विजय देवरकोंडा फिल्म 'राउडी जनार्धना' में नजर आएंगे। यह कहानी है एक घायल आदमी के जीवन की। टाइटल के साथ फिल्म की खास झलक भी साझा की गई, जिसे देखकर फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। आज फिल्म के निर्माताओं और विजय देवरकोंडा ने अपनी नई फिल्म 'राउडी जनार्धना' के टाइटल से पर्दा उठाते हुए इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। विजय ने इंस्टाग्राम पर फिल्म को लेकर लिखा, ' यह कहानी है एक घायल व्यक्ति के जीवन की।' इसके साथ ही विजय ने बताया की यह फिल्म दिसंबर 2026 में रिलीज होगी।



'राउडी जनार्धना' को जाने-माने निर्माता दिल राजू प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह पैन-इंडिया फिल्म है। इस फिल्म में विजय देवरकोंडा के अलावा कीर्ति सुरेश मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। क्रिस्टो जेवियर ने इस फिल्म का संगीत तैयार किया है। विजय देवरकोंडा का करियर 2011 में 'नुव्विला' से शुरू हुआ, लेकिन उन्हें असली पहचान 2015 की फिल्म 'येवेदे सुब्रमण्यम' में सहायक भूमिका और 2016 की ब्लॉकबस्टर 'पेली चोपुलु' से मिली। इसके बाद वह 'अर्जुन रेड्डी', 'गीता गोविंदम' और 'डियर कामरेड' जैसी सफल फिल्मों के साथ तेलुगु सिनेमा में खुद को स्थापित कर पाए।

## भोजपुरी

### लखनऊ में पवन-समर अभिनीत 'दानवीर' की शूटिंग हो गई शुरू

भोजपुरी सिनेमा स्टार पवन सिंह और समर सिंह के साथ प्रोड्यूसर इमरोज़ अख्तर (मुन्ना) ने बतौर निर्माता भोजपुरी फिल्म 'दानवीर' की शूटिंग लखनऊ में शुरू कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने से पहले विधिवत ग्रैंड मुहूर्त किया गया।



फिल्म की शूटिंग शुरू होने और दो बड़े सुपरस्टार पवन सिंह और समर सिंह को लेकर फिल्म बनाने से फैंस उत्साहित हैं। गौरतलब है कि सामाजिक सरोकार, दमदार एक्शन और भावनात्मक कहानी से सजी भोजपुरी फिल्म 'दानवीर' की शूटिंग उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक स्थलों पर की जा रही है। वाई सी प्रॉपर्टीज़ एंड इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड और मारफा म्यूज़िक बैनर के तले बनाई जा रही फिल्म 'दानवीर' के निर्माता प्रेम पाल और अमृत कुमार हैं। इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर इमरोज़ अख्तर (मुन्ना) हैं, जो पिछले दो दशक से फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं। उन्होंने कई सुपरहिट भोजपुरी फिल्मों के निर्माण में अहम योगदान दिया है। फिल्म इंडस्ट्री में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। इस फिल्म के लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं, जिन्होंने कई सुपरहिट फ़ल्मिों की मेकिंग व निर्देशन किया है। गीतकार छोटू, रत्नेश सिंह, संगीतकार प्रियांशु सिंह, सरगम, डीओपी देवेंद्र तिवारी, डांस मास्टर गोल्डी जायसवाल, सोनू, आर्ट डायरेक्टर पवन प्रजापति, ईपी आदित्य सिंह, प्रोडक्शन कंट्रोलर बबलू, प्रोडक्शन मैनेजर नितिन हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार पवन सिंह, समर सिंह, महिमा सिंह, प्रकाश जैस, संजय वर्मा, निशा झा, सुनीता मौर्य आदि हैं।

इस फिल्म को लेकर पावर स्टार पवन सिंह ने कहा कि 'दानवीर एक ऐसी फिल्म है, जिसमें एक्शन, इमोशन, पारिवारिक मूल्य और सामाजिक सरोकारों का बेहतरीन संतुलन देखने को मिलेगा।' उन्होंने अपने फैंस और दर्शकों से अपील करते हुए कहा कि 'जब ये फिल्म आएगी तो आप लोग अपना प्यार और आशीर्वाद बनाए रखें, क्योंकि फ़ल्मि 'दानवीर' में एक नया अंदाज देखने को मिलेगा।




ओलिवियर राउस्टिंग की बाल्मेन आर्मी को लगता है उन्हें अपनी यूनिफॉर्म मिल गई है क्योंकि डिज़ाइनर ने अपने बाल्मेन फॉल 2025 कलेक्शन में चमकदार सूट भर दिए हैं। सीज़ मरजान में, चमक सिर्फ़ एक इंद्रधनुषी लुक तक ही सीमित थी, जिसमें आंखों को चौंधिया देने वाला ट्रेंच और मैचिंग ओवरसाइज़्ड बैग था। मरियम नासिर ज़ादेह ने एक सिकुड़ी हुई, फॉइल जैसी ड्रेस पेश की जो प्रेयरी ड्रेस रेवोल्यूशन में बिल्कुल फिट बैठती है।

# बाल हो रहे हैं डैमेज तो करें ये काम

लड़कियों के साथ-साथ लड़कों के लुक को स्टाइलिश बनाने में उनके बालों का काफी योगदान होता है। हर कोई ये चाहता है कि उनके बाल घने, काले और शाइनी रहें। लेकिन मौसम में बदलाव और प्रदूषण की वजह से बालों का हमेशा चमकते और लहराते रहना काफी मुश्किल होता जा रहा है। खासतौर पर जिनके बाल लंबे होते हैं, उन्हें तो अपने बालों का खास ध्यान रखना पड़ता है।

यदि आप भी डैमेज बालों से परेशान हैं तो आपको भी ध्यान रखने की जरूरत है। डैमेज बालों की देखभाल के लिए नीचे कुछ सुझाव दिए गए हैं, जो आपके बालों को हेल्दी और मजबूत बनाने में मदद करेंगे। इसके अलावा अगर बाल डैमेज ज्यादा है, तो एक हेयर स्पेशलिस्ट (डर्मेटोलॉजिस्ट) से सलाह लें, ताकि इसका सही से ध्यान रखा जा सके।

यदि आप नहीं चाहते कि आपके बाल डैमेज हो रहे हैं तो हमेशा अपने बालों के टाइप के अनुसार शैम्पू और कंडीशनर का चुनाव करें। अगर बाल ड्राई या डैमेज हैं, तो मॉइस्चराइजिंग शैम्पू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें, ताकि आपके डैमेज हेयर को पोषण मिल सके।

आजकल लड़कियों के साथ-साथ लड़के भी बालों को स्टाइल करने के लिए हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। आप भी बालों को ज्यादा हीटिंग टूल्स जैसे स्ट्रेटनर, कर्लर या ड्रायर से बचाएं। अगर इनका उपयोग करना हो, तो हीट प्रोटेक्टेंट स्प्रे का इस्तेमाल करें।

## हेयर मास्क और तेल है जरूरी

बालों में पोषण देना चाहते हैं तो सप्ताह में एक-दो बार हेयर मास्क



लगाना और बालों को अच्छे से तेल लगाना जरूरी है। नारियल तेल, आर्गन तेल, जैतून का तेल, या बादाम तेल बालों को पोषण देते हैं और डैमेज को कम करते हैं। इसलिए आप इन तेलों का इस्तेमाल कर सकते हैं। हेयर मास्क भी आप घर पर तैयार कर सकते हैं।


## ठंडे पानी का करें इस्तेमाल

सर्दी का मौसम है, ऐसे में लोग बालों को गर्म पानी से धोते हैं। जबकि गर्म पानी बालों को और ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। बालों को ठंडे पानी से धोने से उनकी नमी बनी रहती है। इसलिए हमेशा बाल धोने के लिए ठंडे पानी का ही इस्तेमाल करें।

# दिखना है सबसे अलग तो स्टाइल कीजिए पेप्लम कुर्ती और प्लाजो



सुंदर दिखना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन जब बात आउटफिट को स्टाइल करने की आती है, तो ऐसे में हम कई बार सोचते हैं कि किस तरह के आउटफिट को स्टाइल किया जाए, ताकि सारे रिश्तेदार देखकर पूंछे कहां से खरीदे कपड़े। इसके लिए आपको अपने कलेक्शन को अपग्रेड करने की जरूरत है। इससे आपको भी नए आउटफिट को स्टाइल करने को मिलेगा। इस बार आप स्टाइल करें पेप्लम कुर्ती के साथ प्लाजो। इस तरह का पेयर अच्छा लगेगा। पहनने के बाद आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा।



## एम्ब्राइडरी वर्क वाली पेप्लम कुर्ती विद प्लाजो

अगर आपको सुंदर दिखना है, तो इसके लिए एम्ब्राइडरी वर्क वाली पेप्लम कुर्ती के साथ प्लाजो को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के कुर्ती सेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें ऊपर के टॉप पर एम्ब्राइडरी वर्क होता है। नीचे का पेप्लम प्लेन डिजाइन में आता है। वहीं दुपट्टा भी आपको प्लेन ही मिलता है। इससे पूरा लुक अच्छा नजर आता है। आप इस तरह के कुर्ता सेट को वियर कर सकती हैं। इससे आप अच्छी नजर आएंगी। साथ ही, आपको ज्यादा चीजों को स्टाइल करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



## थ्रेड वर्क डिजाइन वाला पेप्लम कुर्ती विद प्लाजो

आप लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए थ्रेड वर्क डिजाइन वाले पेप्लम कुर्ती विद प्लाजो को भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट सेट में आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही, आपको कुछ अलग ट्राई करने को मिलेगा। इसमें आप चाहे तो टेस्ल को ऐड करा सकती हैं। इससे आपको लुक को बदलने के लिए एक नया चेंज देखने को मिलेगा। इस तरह के सेट आपको मार्केट में भी आसानी से मिल जाएंगे। सुंदर दिखना पसंद है, तो इसके लिए कुछ अलग ट्राई करना तो बनता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। साथ ही, आपको ट्रेंडी आउटफिट्स पहनने को मिलता है।

# फुलर लिप्स लुक पाने के लिए फॉलो करें ये लिप लाइनर हैक्स

फुलर और प्लम्प लिप्स आखिर किसे अच्छे नहीं लगते, लेकिन हम सभी के लिप्स नेचुरली इतने प्लम्प नहीं होते हैं। ऐसे में फुलर लिप्स पाने के लिए हम सभी कॉस्मेटिक सर्जन का रुख सकते हैं। लेकिन बार-बार फिलर्स आदि करवाना उतना अच्छा ऑप्शन नहीं माना जाता है। साथ ही साथ, यह आपकी जेब पर काफी भारी भी पड़ सकता है। ऐसे में कोशिश करें कि आप मेकअप के जरिए ही फुलर लिप्स लुक क्रिएट करें और इसमें लिप लाइनर आपकी काफी मदद कर सकते हैं।



## ओवरलाइनिंग की लें मदद

अगर आप नेचुरली अपने लिप्स को फुलर दिखाना चाहती हैं तो ऐसे में नेचुरल लिप कलर या लिपस्टिक से थोड़ा गहरा लिप लाइनर चुनें और ओवरलाइनिंग करें। आप केवल क्यूपिड बो और अपने निचले होंठ के बीच में धीरे से ओवरलाइन करें। ध्यान दें कि आप इसे ज़्यादा न करें, नहीं तो यह बहुत ज़्यादा साफ़ दिखाई देगा। आप ओवरलाइन को नेचुरल लिप लाइन के साथ कनेक्ट करें। इससे आपका पाउट और भी ज्यादा नेचुरल लगेगा।

## होठों को करें कंटूर

अमूमन हम सभी अपने चेहरे को परफेक्ट दिखाने के लिए कंटूरिंग का सहारा लेती हैं। लेकिन कंटूरिंग सिर्फ़ गालों के लिए नहीं है, यह आपके होठों के लिए भी कमाल का काम करता है। इसके लिए आपको इतना करना है कि पहले आप लिप लाइनर की मदद से अपने होठों को लाइन करें। इसके बाद, थोड़ा सा ब्रॉन्ज़र या कंटूर पाउडर लें और इसे अपने निचले होंठ के बीच में हल्के से थपथपाएं। यह शैडो जोड़ता है, जिससे आपके होंठ मोटे नजर आते हैं।

# बेजान चेहरे में ताजगी लाएगा खास स्क्रब

हमारी स्किन दिनभर प्रदूषण, धूल-मिट्टी और गंदगी के संपर्क में रहती है, जिससे इसका ग्लो कम हो जाता है और चमक भी हो जाती है। इसलिए चेहरे की गहराई से सफाई के लिए फेस स्क्रब का इस्तेमाल किया जाता है। यह स्किन की डेड स्किन सेल्स को हटाने, स्किन के पोर्स को खोलने और स्किन को तरोताजा महसूस कराने में मदद करता है।

अगर आप अपनी भी स्किन की खास देखभाल करना चाहते हैं, तो फेस स्क्रब का इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। इससे न केवल आपकी त्वचा को नया जीवन मिलता है, बल्कि यह झुर्रियों, ब्लैकहेड्स और त्वचा की अन्य समस्याओं को भी कम करने में मदद करता है।

## माचा ग्रीन टी स्क्रब

माचा ग्रीन टी स्क्रब बनाना बहुत आसान है। यह स्किन के लिए बेहद अच्छा है, जिसे घर पर रखी सामग्रियों की मदद से तैयार कर सकते हैं।

एक साफ कटोरे में चीनी डालें। यह स्क्रब के लिए एक्सफोलिएशन का काम करेगा। चीनी में माचा ग्रीन टी पाउडर मिलाएं और अच्छी तरह से मिक्स करें। फिर नारियल डालें और इसे अच्छी तरह से मिलाकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। अगर आपकी स्किन



रूखी है, तो शहद मिलाएं। यह त्वचा को नमी देगा। बस तैयार स्क्रब को एक एयरटाइट जार में स्टोर करें। इसे फ्रिज में रखने से यह ज्यादा समय तक ताजा रहेगा।

## अखरोट के छिलके का स्क्रब

वॉलनट शेल पाउडर स्किन के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएंट है। यह स्किन से डेड सेल्स हटाने, ब्लैकहेड्स को साफ करने और त्वचा को निखारने में मदद करता है। आप इसे फेस स्क्रब के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

एक साफ कटोरे में वॉलनट शेल पाउडर डालें। फिर इसमें एलोवेरा जेल और शहद मिलाएं।

कार्नर न्यूज

## स्टाइलिश लुक के लिए कपल को चुनना चाहिए कुछ अलग ड्रेस

# शादी के बाद समंदर का किनारा घूमने का प्लान है तो बैग में साथ जरूर रखें ये स्टाइलिश ड्रेसेस

शादी के बाद कई कपल बीच वाली जगह पर घूमने का प्लान बनाते है और इस दौरान महिलाएं स्टाइलिश लुक चाहती हैं। वहीं अगर आप भी शादी के बाद समंदर वाली जगह पर घूमने जा रही हैं तो आप ये स्टाइलिश क्रोशिया ड्रेस इस मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस में जहां आप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी खूबसूरत नजर आएगा।

## स्ट्रैप क्रोशिया ए-लाइन ड्रेस

बीच लुक के लिए आप इस तरह की स्ट्रैप वाली क्रोशिया ए-लाइन ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस ब्लैक कलर में है और इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। इस ड्रेस को आप बीच पार्टी या घूमने के दौरान वियर कर सकती हैं। यह ड्रेस आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी जिन्हें आप सस्ते दामों में खरीद कर स्टाइल कर सकती हैं। इस ड्रेस के आप फ्लैट्स या स्लीपर पहन सकती हैं। ए-लाइन में आप इस तरह की क्रोशिया ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं और इस तरह की ड्रेस में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।



## स्क्वायर नेक क्रोशियामिडी ड्रेस

न्यू लुक के लिए आप इस तरह की ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी। इस ड्रेस को कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीद सकती हैं जो कि आपको 1,000 रुपये में मिल जाएंगी। इस ड्रेस के साथ आप स्नीकर्स वियर कर सकती हैं।

## क्रोशिया सॉलिड मेश ड्रेस

अगर आप बीच की किसी पार्टी में शामिल हो रही हैं तो आप इस तरह की क्रोशिया सॉलिड मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा और इस ड्रेस को आप बीच पार्टी में पहन सकती हैं। इस ड्रेस को आप 700 से 800 रुपये की कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इस ड्रेस के साथ स्टाइलिश फ्लैट्स पहन सकती हैं। अगर आप लॉन्ग में कुछ पहनने का सोच रहीं हैं तो आप इस तरह की ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं।